राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उतरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत-गुजरात,संस्करण मंगलवार, 27 सितंबर 2022 वर्ष-5,अंक-241 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# लखनऊ में बड़ा हादसा, 10 की मौत


## मुंडन कराने जा रहे लोग ट्रॉली सहित तालाब में डूबे, 10 की मौत, एसडीआरएफ ने शुरू किया रेस्क्यू



लखनऊ। इटौंजा के असनहा गद्दीपुरवा में तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में मुंडन कराने जा रहे लोगों सहित ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट गई। हादसे में सभी डूब गये। जिलाधिकारी लखनऊ ने अब तक 10 मौतों की पुष्टि की है। पुलिस ने गोताखोरों व स्थानीय लोगों की मदद से 35 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। कई शव बाहर निकाले गए हैं। रेस्क्यू कार्य जारी है। मृतकों में आठ महिलाएं दो बच्चे शामिल है। मृतकों को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से चार-चार लाख की सहायता देने की घोषणा की गई है। सीतापुर के अटरिया स्थित तिकौली गांव के चुन्नीलाल उर्फ चुन्नन के बेटे का मुंडन संस्कार था। नवरात्रि के पहले दिन इटौंजा के ऊनई देवी मंदिर में मुंडन होना था। इसके लिए पूरा परिवार रिश्तेदारों व परिचितों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर मंदिर जा रहा था। सुबह करीब 10 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली असनहा के गद्दीपुरवा गांव के पास पहुंची थी। इसी बीच बेहटा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली सीधे सड़क किनारे बड़े तालाब में जा गिरी। मृतकों में टिकौली गांव की सुखरानी (45), सुषमा मौर्य (52), रुचि मौर्य (18), कोमल (38), केतक देवी (55), अन्नपूर्णा (40), बिट्टी (14), अंशिका (13), सुशीला (36 ), मालती (40) हैं। सीतापुर के अटरिया स्थित तिकौली के चुन्नीलाल उर्फ चुन्नन के बेटे के मुंडन में एक ही ट्रॉली में सवार होकर 46 लोगों के जाने की बात सामने आई है। इसमें अभिषेक मौर्या, अंशिका मौर्या, शिवा मौर्या, लक्ष्मी मौर्या, अश्विनी चौरसिया, मनीष अवस्थी, सुमन , मीरा चौरसिया, किरन, अनन्या , शिवांश, अंशिका, विमला, राबिया, साजिदा, सुषमा, उर्मिला, आरती मौर्या, अंजलि, अर्पित मौर्या, आशुतोष, नीतू,अनिकेत, सलोनी, रामरती, प्रिया, पुष्पा गुप्ता, कमला, कृषिका, तान्या, दिव्यांका, जूही, सुमन, पूजा शामिल हैं।







पुलिस ने चार शव बाहर निकाला है। वहीं एक को गंभीर हालत में अस्पताल भेजा गया है। हादसे की सूचना मिलते ही इटौंजा के प्रभारी निरीक्षक अपनी टीम के साथ पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से राहत कार्य शुरू किया गया। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक हादसे की शिकार ट्रॉली तालाब मे गिरते ही सभी उसके नीचे दब गये। बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा था। किसी तरह पुलिस व ग्रामीणों ने ट्रॉली के नीचे से लोगों को बाहर निकाला। ट्रॉली में सवार होकर बेटे का मुंडन कराने नवरात्रि के पहले दिन पूरा कुनबा जा रहा था। ट्रॉली पर सवार महिलाएं देवी गीत और मुंडन से जुड़े मंगलगीत गा रही थीं। सभी को आस थी कि अब मंदिर में पहुंचकर नवरात्रि के पहले दिन माता के दर्शन करेंगे।

## मुजफ्फरनगर में हादसाः रोडवेज से टकराई वैगनआर, यूपी पुलिस के सिपाही समेत चार की मौत

मुजफ्फरनगर । सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में चार लोगों की जान चली गई। यहां मुजफ्फरनगर से मेरठ जा रही सोहराब गेट डिपो की बस से मंसूरपुर के निकट विपरीत दिशा से आ रही वैगरआर कार की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही वैगनआर के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतकों शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए। बताया गया कि रोड़वेज में सवार कई यात्री भी घायल हुए हैं। हालांकि पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। बताया गया कि हादसा सुबह पौने नौ बजे हुआ। वैगरआर में पांच लोग सवार थे। जिनमें से तीन की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक को जिला चिकित्सालय में मृत घोषित कर दिया गया। एक की हालत गंभीर है। बताया गया कि आधार कार्ड के आधार पर एक मृतक की शिनाख्त यूपी पुलिस के सिपाही कुलदीप



मिश्रा के रूप में हुई है। सिपाही उत्तराखंड के गांव थाल का रहने वाला था। गाड़ी पर पुलिस का निशान बना हुआ है। उत्तरकाशी निवासी कुलदीप प्रसाद मिश्रा पुत्र विशाल मिश्रा, मोदीनगर की नेहरू कॉलोनी निवासी मनीष सिंघल पुत्र हरीश सिंघल, देवेंद्र पुत्र शिवपाल टीपीनगर मेरठ, रक्षा संपदा कार्यालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर दिनेश यादव की मौत हुई है, जबकि मेरठ के परीक्षितगढ़ निवासी अमन गौतम पुत्र हीरालाल गौतम गंभीर घायल है, जिसका मेरठ में उपचार चल रहा है। एनएच-58 पर देवराना रिसोर्ट के समीप यह हादसा हुआ है। हाईवे पर पार कर रहे एक व्यक्ति को बचाने के दौरान कार सोहराब गेट डिपो की रोडवेज से बस से टकरा गई।

# राजधानी पर मंडरा रहा बाढ़ का खतरा ?

## चेतावनी के स्तर से ऊपर पहुंचा यमुना का जलस्तर, और बढ़ने की आशंका

नई दिल्ली। दिल्ली में भारी बारिश के बाद सोमवार को यमुना का जलस्तर 204.5 मीटर के चेतावनी के स्तर से ऊपर पहुंच गया और अगले दो दिन में इसके और बढ़ने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली बाढ़ नियंत्रण कक्ष ने कहा कि जलस्तर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक बजे चेतावनी के स्तर को पार कर गया और सुबह आठ बजे तक यह बढ़कर 204.7 मीटर पर पहुंच गया है। नियंत्रण कक्ष ने हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से सुबह 6 बजे 2,95,212 क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना दी है, जो इस मॉनसून सीजन में अब तक सबसे अधिक है। सुबह 7 बजे प्रवाह दर



2,57,970 थी। एक क्यूसेक 28.32 लीटर प्रति सेकेंड के बराबर होता है। आम तौर पर हथिनीकुंड बैराज में प्रवाह दर 352 क्यूसेक होती है, लेकिन भारी बारिश के बाद जलग्रहण क्षेत्रों में पानी का बहाव बढ़ जाता है। बैराज से छोड़े गए पानी को राष्ट्रीय राजधानी तक पहुंचने में आमतौर पर दो से तीन दिन लगते हैं। प्रशासन ने अभी बाढ़ की चेतावनी जारी नहीं की है। पूर्वी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट अनिल बंका ने कहा कि नदी के आसपास के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को जल स्तर में और वृद्धि होने के बारे में सावधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'जलस्तर के बुधवार तक 206 मीटर तक पहुंचने का अनुमान है। 205.3 मीटर के खतरे के निशान को पार करने पर बाढ़ की चेतावनी जारी की जाएगी।' उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ उत्तरी हिस्सों में पिछले कुछ दिन से लगातार बारिश हो रही है। यमुना नदी प्रणाली के जलग्रहण क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और दिल्ली के कुछ हिस्से शामिल हैं। दिल्ली में नदी के आसपास के निचले इलाकों के बाढ़ की चपेट में आने की आशंका रहती है। इन इलाकों में लगभग 37,000 लोग रहते हैं।

## अंकिता के हत्यारोपी अलग-अलग बैरकों में बंद, पूछताछ को पुलिस का बना यह प्लान

देहरादून। अंकिता भंडारी के हत्यारोपी पौड़ी जिला कारागार खांड्यूसैंण में बंद है। लक्ष्मणझूला पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार करते हुए बीती 23 सितंबर को कोटद्वार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की कोर्ट में पेश किया था।जहां कोर्ट ने तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। इस हत्याकांड में शामिल पुलकित, अंकित और सौरभ को पुलिस 23 सितंबर की रात को ही पौड़ी जिला कारागार खांड्यूसैंण ला गई थी। जेल प्रशासन ने भी इन तीनों को न तो एक साथ रखा है और न ही एक साथ। बल्कि कारागार में इन तीनों ही आरोपियों को अलग-अलग बैरक में बंद किया गया है। हालांकि जेलर डीपी सिन्हा के अनुसार जो भी कैदी बाहर से जेल में दाखिल होते हैं , उन्हें करीब 10 दिन तक अलग-अलग बैरक में ही रखा जाता है। ऐसा कोविड के मद्देनजर भी किया जाता है। ताकि बाहर से



आने वाले कोई कैदी कोविड संक्रमित हो तो ऐसे में अन्य कैदियों को कोविड न हो सके। एसआईटी ने रिजॉर्ट में काम करने वाले और काम कर चुके कर्मचारियों की लिस्ट तैयार कर ली है। इनसे अब पूछताछ की जाएगी। एसआईटी प्रभारी ने बताया कि सख्ती से पूछताछ की जाएगी। रिजॉर्ट कैसे चल रहा था, इसकी भी जांच एसआईटी करेगी। वारदात से जुड़े हर पहलु पर एसआईटी काम कर रही है। जानकार बातते हैं कि हत्या की जगह रिजार्ट नहीं थी। चीला नहर है। आरोपियों की निशानदेही पर नहर से शव रिकवर भी किया गया है। जानकार बताते हैं कि यदि हत्या के आरोपियों की बताई जगह पर शव मिलता है तो यह अहम सबूत माना जाता है।

# गहलोत को मिलेगी बगावती तेवरों की सजा

## सीडब्ल्यूसी मेंबर बोले- अध्यक्ष पद की रेस से हटाओ

नई दिल्ली। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर उनके उत्तराधिकारी को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। इस बीच कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर मांग की है कि पार्टी चीफ की रेस से गहलोत का नाम वापस लिया जाए। उहउ का कहना है कि राजस्थान सीएम की जगह किसी और को इसके लिए उम्मीदवार बनाया जाए। न्यूज एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, राजस्थान के हालिया राजनीतिक घटनाक्रम और गहलोत खेमे के विधायकों के आचरण से सीडब्ल्यूसी सदस्य नाराज हैं। उन्होंने पार्टी प्रमुख के पास उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इनका कहना है, 'उन पर (गहलोत) विश्वास करना और उन्हें पार्टी की जिम्मेदारी देना अच्छा नहीं होगा।

पार्टी की टॉप लीडरशिप को उनकी उम्मीदवारी पर फिर से विचार करना चाहिए।' सीडब्ल्यूसी के मेंबर्स ने किसी ऐसे नेता को पार्टी अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाने की मांग रखी है, जो सीनियर और गांधी परिवार के प्रति ईमानदार हो। उधर, राज्य में कांग्रेस के लिए हालात बिगड़ते दिख रहे हैं। हाईकमान की ओर विधायक दल



की बैठक के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन को दूत बनाकर भेजा गया था। दोनों दूत विधायकों से बात करने और गहलोत कैंप को मनाने की कोशिश में नाकाम रहे। अजय माकन ने दिल्ली लौटने से पहले मीडिया के सामने सारी बातें खुलकर रखीं। उन्होंने बताया कि जो कुछ हुआ वह अनुशासनहीनता है। मालूम हो कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक रविवार रात मुख्यमंत्री आवास में होनी थी, लेकिन इससे पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वफादार माने जाने वाले विधायकों ने संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल के बंगले पर बैठक की। इसके बाद उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी पी जोशी के आवास पर पहुंचकर उन्हें अपने इस्तीफे सौंप दिए। राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 108 विधायक हैं। पार्टी को 13 निर्दलीय उम्मीदवारों का भी समर्थन प्राप्त है। गहलोत के वफादार माने जाने वाले कुछ विधायकों ने परोक्ष रूप से पायलट का हवाला देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का उत्तराधिकारी कोई ऐसा होना चाहिए, जिन्होंने 2020 में राजनीतिक संकट के दौरान सरकार को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, न कि कोई ऐसा जो इसे गिराने के प्रयास में शामिल था। वहीं दूसरी तरफ राजस्थान के सियासी घटनाक्रम में कमलनाथ की भी एंट्री हो गई है। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली बुलाया है। कमलनाथ गहलोत और सचिन पायलट गुट के बीच सुलह कराने की कोशिश करेंगे। उधर, जयपुर के मैरियट होटल में अशोक गहलोत खड़गे और माकन की मुलाकात जारी है।

## काशी घूमने आई विदेशी लड़की को बियर में शराब पिलाकर होटल में बदसलूकी

वाराणसी। पेरिस से काशी घूमने आई एक विदेशी लड़की को दो दिन घुमाने के बाद गाइड जैसे एक शख्स ने तीसरी रात होटल में उसके साथ बदसलूकी कर दी। पुलिस ने इस घटना में शक के आधार पर एक शख्स को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। आरोप है कि इस शख्स ने धोखे से लड़की को बियर में शराब पिलाई। इससे लड़की की तबीयत बिगड़ गई। लड़की सुबह जागी तो वह होटल के कमरे में थी और उसके कपड़े गायब थे। लड़की ने भेलूपुर थाने में अज्ञात शख्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मेडिकल जांच बिना लड़की अपने देश वापस लौट गई है। जाते-जाते लड़की ने पुलिस से कहा कि वह शिकायत इसलिए दर्ज करा रही है ताकि इस तरह की घटना किसी और के साथ न हो। शिकायत के मुताबिक लड़की काशी के केदार घाट स्थित एक गेस्ट हाउस में रुकी थी। उसे बाहर एक आदमी मिला, जो एक गाइड की तरह दिख रहा था। उसने दो दिन उसे शहर में घुमाया। लड़की तीसरी रात उस शख्स के साथ एक रेस्टोरेंट में खाने गई। आरोप है कि वहां उस शख्स ने लड़की को बियर में शराब मिलाकर पिला दी थी। इससे उसकी तबीयत खराब हो गई। गेस्ट हाउस में उल्टी होने के साथ कमजोरी महसूस होने लगी और वह बेहोश हो गई।

## किराए की कोख और प्रजनन प्रौद्योगिकी कानून को चुनौती, याचिका में दावा-महिलाओं का बढ़ेगा शोषण

नई दिल्ली। किराए की कोख सरोगेसी एक्ट 2021 और सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी कानून 2021 के प्रावधानों को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इस जनहित याचिका पर केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। याचिका में कहा गया है कि इससे महिलाओं का शोषण बढ़ेगा। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने याचिका पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और आईसीएमआर से जवाब मांगा है। याचिका में कहा



गया है कि सिर्फ परोपकार के लिए किराए की कोख की अनुमति देने और इसके व्यावसायिक इस्तेमाल पर एकतरफा पाबंदी से परिवारों के भीतर महिलाओं से बलात श्रम और सरोगेसी के लिए अनियंत्रित बाजार को बढ़ावा मिलेगा। इसके भेदभावपूर्ण और प्रतिबंधात्मक वर्गीकरण से संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत प्रदत्त अधिकार का हनन होगा। याचिका में कहा गया है कि महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का सीधा उल्लंघन, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिए गए निजता के अधिकार का हनन होगा, क्योंकि यह इसका अभिन्न अंग है। यह याचिका अरुण मुथुवेल ने वकील मोहिनी प्रिया के माध्यम से दायर की है। इसमें यह भी कहा गया है कि किराए की कोख के लिए निर्धारित आयु सीमा से सरोगेसी की लागत बढ़ेगी। उन्होंने इन कानूनों के कई अस्थायी प्रावधानों व अस्पष्टता की ओर भी अदालत का ध्यान आकृष्ट किया है। बता दें, सरोगेसी एक्ट 2021 से संबंधित विधेयक को संसद की मंजूरी के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोंविद ने मंजूरी दे दी थी।

## खाड़ी देशों में फैला पीएफआई का जाल, रेस्तरां के जरिए भारत में होती थी फंडिंग

नई दिल्ली। प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के ठिकानों पर छापेमारी के बाद एनआईए ने इसके अध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अब यह भी खुलासा हुआ है कि पीएफआई को खाड़ी देशों से हवाला के जरिए फंड भेजा जाता है। पीएफआई ने दावा किया था कि उसने भारत से ही चंदा इकट्ठा करके 120 करोड़ रुपये जमा किए हैं। हालांकि असल मामला कुछ और ही है। वहीं पीएफआई एक खाड़ी देशों मे एक अखबार भी निकालता है। इसके जरिए वह ना केवल भारत विरोधी अजेंडा चलाता है बल्कि पैसा जुटाने और कालेधन को सफेद करने का भी काम करता है। खाड़ी देशों में 'गल्फ तेजस डेली' नाम का अखबार ना केवल अजेंडा चलाता है बल्कि भारत में फर्जी डोनेशन



रेसिप्ट दिखाकर धोखा भी देता है। ईडी का कहना है कि जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है कि उनमें से ज्यादातर लोग लोग दरबार रेस्तरां से हवाला के जरिए फंड लेते थे। इस रेस्तरां से हवाला के जरिए फंड भेजने के आरोप में बी पीएफआई के अब्दुल रजाक बीपी को गिरफ्तार किया गया था। उसका भाई ही अबूधाबी में दरबार रेस्तरां चलाता है। इसके असावा रजाक की एक और कंपनी है जिसका नाम तमार इंडिया स्पाइसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भी फंड भारत भेजा जाता था। ईडी के मुताबिक शफीक पायेथ भी गल्फ तेजस डेली में काम कर चुका है। वह 2018 तक अखबार का बिजनस डिवेलपर था। वहीं केरल में भी यह अखबार निकाला जाता था जो कि 2018 में बंद हो गया। अब्दुल रज्जाक बीपी इसका एक डायरेक्टर था जिसे गुरुवार को केरल में गिरफ्तार किया गया था। पायेथ पीएफआई के संस्थापक सदस्यों में से एक है। उसे कतर से फंड इकट्ठा करने की जिम्मेदारी दी गई थी। अब्दुल रज्जाक का अबू धाबी में व्यक्तिगत नेटवर्क काफी मजबूत था और उसने दरबार रेस्तरां को मनी लॉन्ड्रिंग सेंटर ही बना दिया था। वहीं खाड़ी देशों में हवाला कारोबार की जिम्मेदारी अशरफ एमके के पास थी जो कि पीएफआई केरल स्टेट एग्जिक्यूटिव का सदस्य था और एनार्कुलम का अध्यक्ष भी था।

अशरफ प्रोफेसर जोसेफ के हाथ काटने का भी आरोपी है। ईडी ने दावा किया है कि पीएफआई की अन्य शाखाओं के लिए भी अशरफ फंडिंग की व्यवस्था करता था।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## संपादकीय

# यूरोप में फिर फासीवाद ?

ये लोग तख्ता-पलट के जरिए सत्तारुढ़ नहीं हो रहे हैं। लोकप्रिय वोटों से चुने जाकर ये लोग सत्ता के निकट पहुंचते जा रहे हैं। इटली में 'बदर्स ऑफ इटली' की नेता श्रीमती जिर्योजिया मेलोनी के प्रधानमंत्री बनने की पूरी संभावना है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी और मत्तेओ साल्विनी की पार्टियों के साथ मिलकर कल चुनाव लड़ा था।

( लेखक- डॉ. वेदप्रताप वैदिक)

100 साल पहले इटली में फासीवाद का उदय हुआ था। इटली के बेनिटो मुसोलिनी के बाद जर्मनी में एडोल्फ हिटलर ने नाजीवाद को पनपाया। इन उग्र राष्ट्रवादी नेताओं के कारण द्वितीय महायुद्ध हुआ। पिछले 77 साल में यूरोप के किसी भी देश में ये उग्रवादी तब पनप नहीं सके लेकिन अब इटली, जर्मनी, फ्रांस और स्वीडन जैसे देशों में दक्षिणपंथी राजनीति तूल पकड़ती जा रही है। इन पार्टियों के नेता मुसोलिनी और हिटलर की तरह हिंसक और आक्रामक तो नहीं हैं लेकिन इनका उग्रवाद इनके देशों के लिए चिंता का विषय तो बन ही रहा है। ये लोग तख्ता-पलट के जरिए सत्तारुढ़ नहीं हो रहे हैं। लोकप्रिय वोटों से चुने जाकर ये लोग सत्ता के निकट पहुंचते जा रहे हैं। इटली में 'बदर्स ऑफ इटली' की नेता श्रीमती जिर्योजिया मेलोनी के प्रधानमंत्री बनने की पूरी संभावना है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी और मत्तेओ साल्विनी की पार्टियों के साथ मिलकर कल चुनाव लड़ा था। मेलानी (45) अभी युवा हैं, बर्लुस्कोनी (85) के मुकाबले और जब वे छात्रा थीं तो 'इटालियन सोश्यल मूवमेंट' में काफी सक्रिय रही हैं। यह संगठन मुसोलिनी के समर्थकों ने खड़ा किया था। बाद में मेलोनी सांसद और मंत्री भी बनीं। वे आजकल दावा करती हैं कि वे फांसीवादी बिल्कुल नहीं हैं लेकिन किसी जमाने में वे मुसोलिनी की काफी तारीफ किया करती थीं। मारिया द्राघी की पिछले सरकार में कई पार्टियां गठबंधन में शामिल हुई थीं लेकिन मेलोनी की अकेली बड़ी पार्टी थी, जो विपक्ष में बैठी रही थी। इसीलिए अब 'ब्रदर्स ऑफ इटली' पार्टी को इटली की जनता काफी महत्व दे रही है। उम्मीद यही की जा रही है कि कल संपन्न हुए आम चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें इसी पार्टी को मिलेंगी। मेलोनी यदि प्रधानमंत्री बन गईं तो वे सिर्फ गरीबों का ही नहीं, सबका टैक्स घटाएंगी, इटली की जनसंख्या को प्रोत्साहित करेंगी, प्रवासियों को आने से रोकेंगी और इटली के मामलों में यूरोपीय संघ की दखलंदाजी को नियंत्रित करेंगी। वे इस्लामी तत्वों के साथ सख्ती बरतने पर भी आमादा हैं। वे गर्भपात-विरोधी हैं। वे स्त्री-अधिकार और अन्य कई सामाजिक प्रश्नों पर कट्टर पोंगापंथी रवैया अपनाए हुए हैं। यूक्रेन के मामले में वे रूस का भी डटकर विरोधी कर रही हैं। पता नहीं, उनकी गठबंधन सरकार कितने दिन चलेगी, क्योंकि उनके सहयोगी नेताओं का रूख इन समस्याओं पर ज़रा नरम है। वे यूक्रेन से ज्यादा रूस के प्रति सहानुभूतिपूर्ण हैं। मेलोनी ने इधर मुसोलिनी की आलोचना भी शुरु कर दी है। ऐसी आशंका कम ही है कि इटली समेत यूरोप के अन्य देशों में अब फासीवाद या नाजीवाद का उदय दुबारा हो सकता है।

## कार्टून




## लॉफिंग ज़ोन

शिक्षक (छात्र से), 'मेरे दांत सड़ गए हैं। इस वाक्य को भूतकाल में बदलो।'
छात्र, 'आपने तम्बाकू खाई थी।'
शिक्षक (खीझते हुए), 'चलो अब उसे भविष्यकाल में बदलो।'
छात्र (आंख मटकते हुए), 'आपको कैंसर होगा।'

ग्राहक, 'दूध-और मिठाई पर कितनी मक्खियां बैठी हुई हैं। इन्हें हटाते क्यों नही?'
हलवाई, 'मेरे पास इन्हें हटाने का समय नही हैं। वैसे भी मैंने कौन-सा इन्हें यहां बुलाया है।'

पागल (डाक्टर से), 'क्या रात को आप चोकीदारी की पार्ट टाईम जॉब करतें हैं?'
डाक्टर, 'तुम्हें ऐसा क्यों लगा?'
पागल, 'क्योंकि, आप रात बारह बजे इस बिल्डिंग के चारों ओर राउंड लगाते नजर आते हैं।'

डाकूओं ने बैंक लूट कर कैशियर से भी अपने साथ चलने के लिए कहा तो वह बोला, 'बैंक तो लूट ही लिया। अब मुझसे क्या काम हैं?'
डाकूओं का सरदार बोला, 'इतने नोटों को गिन कर सबके हिस्से के अलग - अलग बंडल बनाकर कौन देगा?'

# पर्यावरण संतुलन गड़बड़ाने का परिणाम है मानसून की बिगड़ती चाल कहर बरपाता विदा होता मानसून

लेखक- योगेश कुमार गोयल

### पर्यावरण संकट

भारी बारिश के कारण कई जगहों पर किसानों की धान, बाजरा, ज्वार, मक्का, उड़द, मूंग, गन्ना इत्यादि खरीफ की फसलों को काफी नुकसान हुआ है, जगह-जगह जलभराव, सड़कों के दरिया बन जाने और भयानक जाम के कारण लोगों की मुश्किलें बढ़ रही हैं, लोगों के मकान ढ़ह रहे हैं, वहीं विभिन्न राज्यों में बारिश, बाढ़ और बिजली गिरने की घटनाओं के कारण कई लोगों की मौत भी हुई है। 22 सितम्बर को बुंदेलखण्ड तथा मध्य उत्तर प्रदेश में भारी बारिश और बिजली की चपेट में आने से 20 लोगों की मौत हो गई।

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव के क्षेत्र और पश्चिमी विक्षोभ के कारण देश के कई राज्यों में इस समय भारी बारिश का दौर जारी है, जिससे अनेक स्थानों पर जनजीवन अस्त-व्यस्त है और विदा होता मानसून कुछ स्थानों पर तबाही भी मचा रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि यह दौर अभी अगले कुछ दिन और जारी रह सकता है। मानसून जाते-जाते उत्तर भारत के कुछ राज्यों में जिस प्रकार का कहर बरपा रहा है, वह अप्रत्याशित है। दरअसल इनमें से कई क्षेत्र ऐसे हैं, जो इस बार मानसून के दौरान सूखे रहे लेकिन विदाई लेता मानसून लोगों के लिए गंभीर चुनौतियां साथ लेकर आया है। भारी बारिश के कारण कई जगहों पर किसानों की धान, बाजरा, ज्वार, मक्का, उड़द, मूंग, गन्ना इत्यादि खरीफ की फसलों को काफी नुकसान हुआ है, जगह-जगह जलभराव, सड़कों के दरिया बन जाने और भयानक जाम के कारण लोगों की मुश्किलें बढ़ रही हैं, लोगों के मकान ढ़ह रहे हैं, वहीं विभिन्न राज्यों में बारिश, बाढ़ और बिजली गिरने की घटनाओं के कारण कई लोगों की मौत भी हुई है। 22 सितम्बर को बुंदेलखण्ड तथा मध्य उत्तर प्रदेश में भारी बारिश और बिजली की चपेट में आने से 20 लोगों की मौत हो गई। 19 सितम्बर को बिहार के विभिन्न जिलों में बारिश के दौरान आसमान से बिजली गिरने के कारण 23 लोगों की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग झुलस गए। पिछले दिनों भारी बारिश ने लखनऊ में काफी तबाही मचाई। मौसम विभाग द्वारा 25 सितम्बर तक मानसून की विदाई का अनुमान लगाया गया था किन्तु ऐसा अनुमान नहीं था कि विदा होता मानूसन विभिन्न राज्यों में इस प्रकार कहर बरपाते हुए विदा होगा। हालांकि अब मानसून विभाग का मानना है कि समस्त उत्तर भारत से मानसून इस महीने के आखिर तक ही विदा हो पाएगा।

वैसे इस वर्ष मानसून की चाल पूरे सीजन अस्त-व्यस्त ही रही है, कहीं भारी-भरकम बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बनी रही तो कुछ राज्य सूखे ही रह गए, जिनमें से कुछ में विदा होते मानसूनी बादल अब जमकर बरस रहे हैं। वैसे तो इस वर्ष देश के अधिकांश इलाके मानसूनी बारिश से तर-बतर रहे और बारिश सामान्य 832.4 मिलीमीटर के मुकाबले अब तक 890.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है और लेकिन इसके बावजूद मानूसन के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, दिल्ली, हरियाणा, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर इत्यादि कई राज्य काफी हद तक सूखे की चपेट में ही रहे हैं। मानूसन की यह बिगड़ती चाल पर्यावरण संतुलन गड़बड़ाने का ही परिणाम है। निश्चित रूप से यह प्रकृति के साथ मानवीय छेड़छाड़ के चलते कुदरत के प्रकोप का ही असर है कि एक ओर जहां देश के कई राज्य इस बार भयानक बाढ़ से त्रस्त नजर आए, वहीं कई राज्य आसमान की ओर मुंह ताकते बारिश का इंतजार करते रह गए। असम हो या बेंगलुरू, बाढ़ से हुई भारी तबाही का मंजर हर कहीं हर किसी ने देखा है। इस साल भारी बारिश और बाढ़ के कारण विभिन्न राज्यों में हजारों लोगों की मौत हुई। मानूसन की बिगड़ती चाल और विभिन्न राज्यों में अचानक आती बाढ़ अब कोई प्राकृतिक आपदा नहीं रही बल्कि अधिकांश पर्यावरण वैज्ञानिकों अब इसे मानव निर्मित त्रासदी की संज्ञा देने लगे हैं। दरअसल सूखा, अति वर्षा और बाढ़, इन सभी स्थितियों के लिए जलवायु परिवर्तन, विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए वनों की अंधाधुंध कटाई, नदियों में होते अवैध खनन को प्रमुख रूप से जिम्मेदार माना जा रहा है, जिससे मानसून प्रभावित होने के साथ-साथ भू-रक्षण और नदियों द्वारा कटाव की बढ़ती प्रवृत्ति के चलते होती तबाही के मामले साल दर साल बढ़ रहे हैं।



अब प्रतिवर्ष ऐसे ही हालात कई राज्यों में उत्पन्न होते हैं लेकिन न सरकारी तंत्र कोई ऐसे पुख्ता इंतजाम करता है, जिससे मानसून के दौरान पैदा होने वाली इस प्रकार की परिस्थितियों की वजह से होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके, न ही आमजन ऐसे हालातों से कोई सबक लेकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने की कोई पहल करता दिखता है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार अब दुनियाभर में बाढ़ के कारण होने वाली मौतों का पांचवां हिस्सा भारत में ही होता है और प्रतिवर्ष बाढ़ के चलते देश को करीब एक हजार करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ता है। प्रकृति में व्यापक मानवीय दखलंदाजी, अवैज्ञानिक विकास, बड़े पैमाने पर वनों की कटाई और कुव्यवस्थाओं के कारण ही अब बाढ़ और सूखे जैसी स्थितियां निर्मित होती हैं। जहां तक बाढ़ आने के प्रमुख कारणों का सवाल है तो प्रकृति में बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप के चलते समुद्र तल लगातार ऊंचे उठ रहे हैं, जिससे नदियों के पानी की समुद्रों में समाने की गति कम हो गई है, जो प्रायः बाढ़ का सबसे बड़ा कारण बनता है। यह विड़म्बनाजनक स्थिति ही है कि 1950 में देश में जहां करीब ढ़ाई करोड़ हेक्टेयर भूमि बाढ़ के दायरे में आती थी, वहीं अब बाढ़ के दायरे में आने वाली भूमि बढ़कर सात करोड़ हेक्टेयर से भी ज्यादा हो गई है।

कई अध्ययनों में यह तथ्य सामने आ चुका है कि कहीं सूखा पड़ने तो कहीं मानसूनी बारिश की तीव्रता बढ़ते जाने का एक बड़ा कारण ग्लोबल वार्मिंग है और यदि पर्यावरण के साथ खिलवाड़ इसी रफ्तार से जारी रहा तो इस प्रकार की त्रासदियां आने वाले समय में और भी गंभीर रूप में सामने आएंगी। ऐसे में बेहद जरूरी है कि प्रकृति द्वारा बार-बार दी जा रही गंभीर चेतावनियों से सबक सीखें जाएं। बाढ़ या सूखे जैसी आपदाओं के लिए हर समय प्रकृति को ही कोसने के बजाय यह समझने का प्रयास किया जाए कि मानसून की जो बारिश हमारे लिए प्रकृति का वरदान होनी चाहिए, वो अब यदि साल दर साल एक बड़ी आपदा के रूप में तबाही बनकर सामने आती है तो उसके मूल कारण क्या हैं? किसी भी आपदा के लिए हम सदैव सारा दोष प्रकृति पर मढ़ देते हैं किन्तु वास्तव में प्रकृति के वास्तविक गुनाहगार हम स्वयं ही हैं। हम स्वयं से ही यह क्यों नहीं पूछते कि जिस प्रकृति को हम कदम-कदम पर दोष देते नहीं थकते, उसी प्रकृति के संरक्षण के लिए हमने क्या किया है? न हम वृक्षों को बचाने और चारों ओर हरियाली के लाने के लिए वृक्षारोपण में कोई दिलचस्पी दिखाते हैं और न ही अपने जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कोई कदम उठाते हैं। चिंताजनक स्थिति यह है कि देश के पर्वतीय क्षेत्र भी अब प्रकृति का प्रकोप झेलने को अभिशप्त होने लगे हैं। हालांकि प्रकृति ने तो पहाड़ों की संरचना ऐसी की है कि तीखे ढ़लानों के कारण वर्षा का पानी आसानी से निकल जाता था किन्तु पहाड़ों पर भी अनियोजित विकास और बढ़ते अतिक्रमण के कारण बड़े पैमाने हो रहे वनों के विनाश ने यहां भी प्रकृति को कुपित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बहरहाल, यदि हम चाहते हैं कि देश में आने वाले वर्षों में मानसून के दौरान तबाही की ऐसी तस्वीरें सामने न आएं तो हमें कुपित प्रकृति को शांत करने के कारगर उपाय करने होंगे और इसके लिए जंगल, पहाड़, वृक्ष, नदी, झीलें इत्यादि प्रकृति के विभिन्न रूपों की महत्ता समझनी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार तथा हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के लेखक हैं)

# नीले आसमान के लिए हरेक की जिम्मेदारी

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली

जून, 2022 में एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स के आकलन के अनुसार भारत दुनिया का सबसे प्रदूषित देश व दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। वायु प्रदूषण भारतीयों की औसतन आयु पांच साल और दिल्ली - एनसीआर वासियों की करीब दस साल घटा रहा है। ऐसे में 7 सितम्बर, 2022 को साफ हवा नीले आसमान के लिए- तीसरा वैश्विक दिवस के दिन दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय का यह सूचित करना कि 7 सितम्बर, 2022 से 1 जनवरी, 2023 तक दिल्ली में पटाखों के उत्पादन, बेचने व उपयोग पर प्रतिबंध पूर्ण लागू कर दिया गया है, आम-खास के लिये अच्छा संदेश है। किन्तु जमीनी यथार्थ यह है कि अभी जब पराली जलाना भी शुरू नहीं हुआ है 20 सितम्बर, 2022 को आनन्द विहार दिल्ली का एक्यूआई 419 यानी गंभीर वायु प्रदूषण के स्तर पर था। पूरी दिल्ली में ही एक्यूआई सौ से ऊपर है। यह भी स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है।दुनिया के 15 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में से 10 भारत में हैं। 2030 सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल पाने के लिए भी वायु प्रदूषण कम करना जरूरी है। अक्तूबर माह के आखिर से दिल्ली में पड़ोसी राज्यों से जलती पराली का धुआं भी पहुंचने लगता है। जाड़ों तक स्मॉग की स्थिति बन जाती है। खुले में घूमना, व्यायाम करना स्वास्थ्यवर्द्धक न रहकर स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ाने लगता है। दिल्ली को गैस चेम्बर नाम मिल जाता है। तब न्यायालयों से ऐसा सुनने को भी मिलता है कि इस शहर में रहने के लिए कोई भी घर सुरक्षित नहीं है। यह अत्याचार है। सरकारों ने लोगों को मरने के लिए छोड़ दिया है। सभ्य देशों में ऐसा नहीं होता है। जीने का अधिकार सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। परन्तु दिल्ली सरकार का सालों से न्यायालयों में यही कहना रहा है कि कुल वायु प्रदूषण में दिल्ली जनित प्रदूषण केवल तीस-चालीस प्रतिशत ही है बाकि अन्य राज्यों का दिल्ली पहुंचा प्रदूषण है। पाकिस्तान से भी प्रदूषण पहुंचने की बात हो चुकी है। इसी बात पर तीसरा वैश्विक दिवस 7 सितम्बर, 2022 को साफ हवा नीले आसमान के लिए का थीम 'द एयर वी शेयर' यही जताता है कि प्रदूषण लदी हवाएं देशों, राज्यों या किसी भी भौगोलिक या प्रशासकीय सीमा के बंधनों में नहीं हैं। हमारे वायुमंडल साझे हैं, इससे आने वाली मार भी सब पर साझा पड़ेगी। अतः प्रदूषण कटौती के प्रयास में भी एकजुटता होनी चाहिए। साझे वायुमंडल में आज नब्बे प्रतिशत से ज्यादा वैश्विक जनसंख्या प्रदूषित हवा में सांस लेने को विवश है, चाहे उस प्रदूषण के लिये जिम्मेदार हो या नहीं। प्रदूषकों से फेफड़ों का कैंसर, दिल व सांस संबंधी बीमारियां व आर्थिक, खाद्य एवं पर्यावरण असुरक्षा भी बढ़ी है। नवजातों की औसत आयु दुनिया में 20 माह व भारत समेत दक्षिण एशियाई देशों में 30 माह घटी है। हर साल विशेषकर गरीब व मध्य आय के देशों में 79 लाख व भारत में 15 लाख लोगों की समय पूर्व मृत्यु हो रही है। सितम्बर, 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पीएम 2 .5, पीएम 10, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड कार्बन मोनोऑक्साइड ओजोन आदि मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित स्तर के 2005 के बाद नये मानक घोषित किये थे। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन का अप्रैल, 2022 में कहना था कि नये मानकों के अनुसार आप दुनिया में जहां भी सांस लेंगे वहीं ज्यादा संभावना है कि आप प्रदूषित हवा ही सांसों में ले रहे होंगे। साझा वायुमंडल जमीन के प्रदूषण सागर-महासागरों में भी पहुंचाते हैं। कार्बन कण हिमालय के ग्लेशियरों व ध्रुवीय बर्फ सतहों पर हजारों किलोमीटर की यात्रा कर जम जाते हैं। घरों का प्रदूषण बाहर भी पहुंचता है। करीब 25-26 प्रतिशत हवा में बना रहने वाला प्रदूषण घरों के ठोस ईंधन प्रदूषण कणों का ही होता है। दरअसल, प्रदूषण कणों की वायुमंडल में भारी उपस्थिति आसमान को नीला नहीं रहने देती है। दिन का नीला आसमान वायुमंडल में कम प्रदूषण का द्योतक है। आसमान में कणीय प्रदूषण कम हों और बादल भी न हों तो वायु अणुओं से सूरज के लाल प्रकाश से ज्यादा नीला प्रकाश छितराया जाता है। इससे दिन का आसमान नीला दिखने लगता है। वायु प्रदूषण से मानव स्वास्थ्य के जोखिम तभी कम होंगे जब गैसीय प्रदूषणों के साथ-साथ हवा में 2` .5 माइक्रोमीटर व्यास से कम के कणीय प्रदूषकों का स्तर नीचे लाया जाये। पीएम 2.5 के कण प्रदूषक साधारण कपड़ों के मास्क को भेद कर शरीर और फेफड़ों में प्रवेश कर खून में पहुंच सकते हैं। 2017 में दुनियाभर के वायु प्रदूषणों के कारण होने वाली बीमारियों से हुई 50 लाख से ज्यादा मौतों में करीब 30 लाख मौतें 2.5 पीएम प्रदूषण कणों के कारण थीं। इनमें आधी मौतें भारत और चीन में हुई थीं। माइक्रोन एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। 7 सितम्बर, 2021 के दूसरे साफ हवा नीले आसमान दिवस का थीम 'हेल्दी एयर हेल्दी प्लेनेट' था। वायु प्रदूषण से मानव के ही नहीं बल्कि पृथ्वी के संताप भी बढ़े हैं। उसकी जैव विविधता, पारिस्थितिकीय प्रणालियां और जलवायु चक्र इससे प्रभावित हो रहे हैं। स्वस्थ पृथ्वी से ही हम अच्छी इकोसिस्टम सर्विसेज की आशा कर सकते हैं। वैश्विक



आधार पर भी सर्वाधिक वायु प्रदूषणों के लिए परिवहन व ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र जिम्मेदार हैं। समाधान स्वरूप पूरे विश्व में ही नवीकरणीय ऊर्जा की तरफ बढ़ने की क्रांति की बात की जा रही है। इस प्रक्रिया में करीब 8.5 करोड़ रोजगार सृजन की भी संभावना है। चिंताजनक है कि बड़े प्रदूषणकारी देश भी जीवाश्म ईंधन के उपयोग व उत्पादन को कम करने को तैयार नहीं हैं। प्रदूषण अवशोषक व अवरोधकों के रूप में वृक्षों की बहुत महत्ता है। मरुस्थलों के प्रसार रोकने में, नदी तट-पाटों के कम सूखने में व उनसे धूल, रेत, हवा का उड़ना कम करने में पेड़ जितने मददगार होंगे, हवा उतनी ज्यादा साफ होगी। आसमान उतना ज्यादा नीला होगा। साझे वायुमंडल में वायु प्रदूषण के कुप्रभावों को सबने झेलना है। अतः आपने समस्या न भी बढ़ाई हो फिर भी समाधान में योगदान करें।

## चिंतन-मनन

# प्रयत्न में ऊब नहीं

**संसार** में गति के जो नियम हैं, परमात्मा में गति के ठीक उनसे उलटे नियम काम आते हैं और यहीं बड़ी मुश्किल हो जाती है। संसार में ऊबना बाद में आता है, प्रयत्न में ऊब नहीं आती। इसलिए संसार में लोग गति करते चले जाते हैं। पर परमात्मा में प्रयत्न में ऊब आती है और प्रयत्न पहले ही उबा देगा, तो आप रुक जाएंगे। कितने लोग हैं जो प्रभु की यात्रा शुरू भर करते हैं, पर कभी पूरी नहीं कर पाते। कितनी बार तय किया कि स्मरण कर लेंगे प्रभु का घड़ीभर! एकाध दिन, दो दिन। फिर ऊब गए। फिर छूट गया। कितने संकल्प, कितने निर्णय, धूल होकर पड़े हैं चारों तरफ! लोग कहते हैं कि ध्यान से कुछ हो सकेगा? मैं कहता हूं जरूर हो सकेगा। कठिनाई सिर्फ एक है, सातत्य! कितने दिन कर सकोगे? मुश्किल से कोई मिलता है, जो तीन महीने भी सतत कर पाता है। दस-पांच दिन बाद ऊब जाता है! आश्चर्य है कि मनुष्य जिंदगी भर अखबार पढ़कर नहीं ऊबता, रेडियो सुनकर नहीं ऊबता, फिल्म देखकर नहीं ऊबता, रोज वही बातें करके नहीं ऊबता। ध्यान करके क्यों ऊब जाता है? आखिर ध्यान में ऐसी क्या कठिनाई है! कठिनाई एक ही है कि संसार की यात्रा पर प्रयत्न नहीं उबाता, प्राप्ति उबाती है और परमात्मा की यात्रा पर प्रयत्न उबाता है, प्राप्ति कभी नहीं उबाती। जो पा लेता है, वह फिर कभी नहीं ऊबता। बुद्ध ज्ञान के बाद चालीस साल जिंदा थे। चालीस साल किसी ने एक बार उन्हें अपने ज्ञान से ऊबते हुए नहीं देखा। कोहनूर हीरा मिल जाता चालीस साल तो ऊब जाते। संसार का राज्य मिल जाता तो ऊब जाते। महावीर भी चालीस साल जिंदा रहे ज्ञान के बाद। निरंतर उसी ज्ञान में रमे रहे, कभी ऊबे नहीं! कभी चाहा नहीं कि कुछ और मिल जाए। परमात्मा की यात्रा पर प्राप्ति के बाद कोई ऊब नहीं है। इसलिए कृष्ण कहते हैं कि बिना ऊबे श्रम करना कर्त्तव्य है, करने योग्य है। अर्जुन कैसे माने और क्यों माने? अर्जुन तो जब प्रयास करेगा, तो ऊबेगा, थकेगा। कृष्ण कहते हैं, इसलिए धर्म में ट्रस्ट का, भरोसे का एक कीमती मूल्य है। श्रद्धा का अर्थ होता है, ट्रस्ट। उसका अर्थ होता है, कोई कह रहा है। अर्जुन भलीभांति कृष्ण को जानता है। कृष्ण को भी विचलित नहीं देखा है। कृष्ण को उदास नहीं देखा है। कृष्ण की बांसुरी से कभी दुख का स्वर निकलते नहीं देखा है। कृष्ण सदा ताजे हैं।




## चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत रहेगी भारत की वृद्धि दर: एसएंडपी

**नई दिल्ली ।** रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत और मुद्रास्फीति 2022 के ओ खिर तक छह प्रतिशत के ऊपर रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति की अधिकतम सीमा छह प्रतिशत तय की है। हालांकि महंगाई लगातार इस स्तर से ऊपर बनी हुई है। एसएंडपी ने एशिया प्रशांत के लिए अपने आर्थिक पूर्वानुमानों में कहा कि अगले साल भारत की वृद्धि को घरेलू मांग में सुधार का समर्थन मिलेगा। बयान में कहा गया कि हमने भारत के वृद्धि पूर्वानुमान को वित्त वर्ष 2022-2023 के लिए 7.3 प्रतिशत और अगले वित्तीय वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा है। हालांकि इसमें कमी का जोखिम बना हुआ है। उच्च मुद्रास्फीति और बढ़ती नीतिगत ब्याज दरों के बीच अन्य एजेंसियों ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद के वृद्धि अनुमान में कटौती की है। इस महीने की शुरुआत में, फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि अनुमान को घटाकर सात प्रतिशत कर दिया था, जो इससे पहले 7.8 प्रतिशत था। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने भी अपने अनुमान को सात प्रतिशत से घटाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया था। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपने पूर्वानुमान को 7.5 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-मार्च) में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

## महिंद्रा को मुंबई में मिल सकती है दो सोसाइटी पुनर्विकास परियोजना

**नई दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स ने कहा कि उसे चालू वित्त वर्ष के दौरान मुंबई में दो आवासीय सोसाइटी के पुनर्विकास संबंधी परियोजनाएं मिल सकती हैं। महिंद्रा लाइफस्पेस के प्रबंध निदेशक और और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरविंद सुब्रमण्यन ने कहा कि कंपनी को विस्तार योजनाओं के तहत डेटा सेंटर विकसित करने की भी उम्मीद है। महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड, महिंद्रा समूह की रियल एस्टेट शाखा है। कंपनी अपने मौजूदा बड़े एकीकृत औद्योगिक पार्कों में औद्योगिक और वेयरहाउसिंग क्षेत्र विकसित करने की तैयारी भी कर रही है। इसके अलावा वह वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास बनाने पर भी विचार कर सकती है। सुब्रमण्यम ने बताया कि कंपनी अपने आवास और औद्योगिक कार्यक्षेत्र का विस्तार करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि मुंबई में सोसाइटी के पुनर्विकास के रूप में बहुत बड़ा अवसर है। कई सोसायटी फिर से पुनर्विकास के लिए आ रही हैं। उनमें से कई के अतीत में स्थानीय डेवलपर्स के साथ अनुभव अच्छे नहीं रहे, जिन्होंने उनके साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन विभिन्न वित्तीय कारणों से परियोजना को आगे नहीं बढ़ा पाए। उन्होंने कहा कि महिंद्रा ब्रांड सोसाइटी के सदस्यों के बीच तत्काल विश्वास पैदा करता है, जो एक बहुत बड़ा लाभ है।

## भारत से यूएई को निर्यात और बढ़ने की उम्मीद: वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली ।** वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मई में मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) लागू होने के बाद रत्न, आभूषण, चीनी से बने उत्पाद, अनाज, इलेक्ट्रिकल मशीनरी तथा अन्य उत्पादों के निर्यात में बढ़ोतरी हुई है। भारत और यूएई के बीच हुआ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) इस साल एक मई से प्रभाव में आया था। मंत्रालय ने कहा कि निर्यातकों के बीच सीईपीए का उपयोग बढ़ रहा है और वाणिज्य मंत्रालय भी भरपूर प्रयास कर रहा है। इससे आने वाले महीनों में भारत से यूएई को निर्यात और बढ़ने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि यूएई को भारत का निर्यात (पेट्रोलियम उत्पादों को छोड़कर) जून-अगस्त 2022 तिमाही में 14 फीसदी बढ़कर 5.92 अरब डॉलर हो गया। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 5.17 अरब डॉलर था। हालांकि इस अवधि में पोत, नौका, तैरने वाले ढांचे, परिधान, दवा उत्पाद, एल्युमिनियम, ऑर्गेनिक रसायन, गलीचे और रेशम उत्पाद क्षेत्रों में निर्यात वृद्धि में कमी भी दर्ज की गई है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुम्बई ।**

मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन सेंसेक्स में करीब एक हजार अंक की गिरावट आई। इससे बाजार में गत चार दिनों से जारी गिरावट बरकरार रही है। बाजार में यह गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 953.70 अंक करीब 1.64 फीसदी नीचे आकर 57145.22 पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 311 अंक करीब 1.79 फीसदी नीचे गिरावट के साथ ही 17016.30 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सबसे ज्यादा नुकसान धातु के शेयरों में हुआ। यह 4.50 फीसदी नीचे आये हैं। वहीं निफ्टी वाहन, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, स्माल कैप और उर्जा शेयर 3 फीसदी गिरे हैं। निफ्टी आईटी में ही बढ़त रही और यह हरे निशान पर बंद हुआ। पिछले दो सत्र सेशन में सेंसेक्स तकरीबन 1800 अंक नीचे आया है जबकि निफ्टी भी 550 अंक टूटा है। इसका कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को 0.75 फीसदी बढ़ाना बताया गया है। इससे भारतीय बाजार पर भी दबाव पड़ा है। क्योंकि जानकारों का मानना है कि रिजर्व बैंक आरबीआई ब्याज दरों को 0.50 फीसदी तक बढ़ा सकता है। इसके अलावा प्राकृतिक गैस की कीमतों में भी वैश्विक स्तर पर वृद्धि से बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट पर बंद हुए। वहीं यूरोपीय और अमेरिकी शेयर बाजारों में भी शुरूआती कारोबार में गिरावट रही। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड भी 0.75 फीसदी टूटकर 85.50 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है।



## सैमसंग ने ऑनलाइन सेल से पहले दिन 12 लाख स्मार्टफोन बेचे

**नई दिल्ली ।**

स्मार्टफोन विनिर्माता कंपनी सैमसंग इंडिया ने कहा कि ई-कॉमर्स मंचों- अमेजन और फ्लिपकार्ट पर जारी त्योहारी सेल के पहले ही दिन उसने 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य के 12 लाख से अधिक गैलेक्सी स्मार्टफोन बेचे।सैमसंग ने त्योहारी सेल के लिए गैलेक्सी श्रृंखला वाले अपने स्मार्टफोन हैंडसेट की कीमतों में 17 से 60 फीसदी तक की कटौती की है।कंपनी ने एक बयान में कहा, ''ऑनलाइन त्योहारी सेल के पहले दिन सैमसंग ने 12 लाख से ज्यादा गैलेक्सी उपकरण बेचे जो भारत में एक नया रिकॉर्ड है। कीमत के लिहाज से सैमसंग ने 24 घंटे के दौरान 1000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के गैलेक्सी हैंडसेट बेचे।''सैमसंग ने गैलेक्सी एस20 एफई 5जी, गैलेक्सी एस22 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस22, गैलेक्सी एम53, गैलेक्सी एम33, एम32 प्राइम एडिशन और गैलेक्सी एम13 फोन की कीमतों में कटौती की है।

## भारत 75 से अधिक देशों को कर रहा रक्षा उत्पाद निर्यात

**नई दिल्ली ।** सरकार ने कहा कि भारत समन्वित प्रयासों के बल पर 75 से अधिक देशों को रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहा है। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने एक ट्वीट में कहा कि दूसरे सबसे बड़े सशस्त्र बल वाले भारत का रक्षा क्षेत्र क्रांति के कगार पर है। बीते पांच वर्षों में भारत का रक्षा निर्यात 334 फीसदी बढ़ गया है। पीआईबी इंडिया के ट्विटर हैंडल पर इस ट्वीट के साथ एक पोस्टर भी साझा किया गया जिसमें कुछ आंकड़े प्रस्तुत किया गए हैं। इस पोस्टर में रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण एवं उत्पादन में वृद्धि की जानकारी दी गई है। इसमें यह भी बताया गया है कि भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को सेवा में उतारा गया है। रक्षा सचिव अजय कुमार ने कुछ दिनों पहले एक कार्यक्रम में कहा था कि 'मेक इन इंडिया' पहल की ताकत का इस्तेमाल रक्षा क्षेत्र में करने के प्रयास किए जा रहे हैं और अमृत काल की कल्पना देश को रक्षा उत्पादन के मामले में वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच देशों के बीच देखने की है। उन्होंने कहा था कि बीते 75 वर्ष में भारत दुनिया में रक्षा उत्पादों के सबसे बड़े आयातकों में से एक रहा है और सरकार इस स्थिति को बदलना चाहती है।




# दुनिया की शीर्ष 20 एयरलाइंस की सूची में विस्तारा ने बनाया स्थान

**नई दिल्ली ।**

भारत की निजी क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी हवाई कंपनी विस्तारा ने दुनिया की शीर्ष 20 एयरलाइंस कंपनियों में अपना स्थान बना बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वर्ल्ड एयरलाइन अवॉर्ड्स में विस्तारा को शामिल किया गया है। विस्तारा दुनिया की 20 सबसे बेहतरीन एयरलाइंस की सूची में शामिल हो गई है। यह अवॉर्ड ग्लोबल एयर ट्रांसपोर्ट रेटिंग ऑर्गेनाइजेशन स्काईट्रैक्स द्वारा आयोजित किया जाता है। इसमें दुनिया की शीर्ष विमान कंपनियों को अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित किया जाता है। 2022 की सर्वश्रेष्ठ एयरलाइन का अवॉर्ड कतर एयरवेज को दिया गया है। इस सूची में दूसरे स्थान पर सिंगापुर एयरलाइंस और तीसरे स्थान पर अमीरात एयरलाइंस है। चौथे व पांचवें स्थान पर क्रमशः जापान की ऑल निप्पॉन एयरवेज और ऑस्ट्रेलिया की क्वांटस एयरवेज लिमिटेड हैं। सिंगापुर एयरलाइंस को सर्वश्रेष्ठ फर्स्ट क्लास केबिन का अवॉर्ड दिया गया है। जबकि कतर एयरवेज को बेस्ट बिजनेस क्लास केबिन का अवॉर्ड दिया गया है। वर्जिन अटलांटिक को बेस्ट प्रीमियम इकोनॉमी में अवॉर्ड दिया गया है। सर्वश्रेष्ठ इकोनॉमी क्लास के लिए अमीरात को अवॉर्ड मिला है। लंबी दूरी की कम लागत वाली सर्वश्रेष्ठ एयरलाइन का अवॉर्ड सिंगापुर एयरलाइंस के स्कूट बजट कैरियर को दिया गया है। सिगांपुर एयरलाइन को बेस्ट केबिन स्टाफ के लिए सम्मानित किया गया है। केबिन की सफाई के मामले में भी सिंगापुर एयरलाइंस ने बाजी मारी है। स्काईट्रैक्स के सीईओ ने कहा है कि कोविड-19 के दौरान लगातार उड़ान भरने वाली कतर एयरवेज सबसे बड़ी एयरलाइन थी। हॉन्गकॉन्ग की मशहूर एयरलाइन कैथे को शीर्ष 20 विमान कंपनियों की सूची में काफी नुकसान हुआ है। यह छठे पायदान से फिसलकर 20वें पायदान पर आ गई है। वहीं, स्काईट्रैक्स ने कहा है कि सिंगापुर एयरलाइन का ग्राहक सेवा के प्रति समर्पण बढ़ा है। ये अवॉर्ड एक सर्वे में सामने आए नतीजों के बाद दिए गए हैं। स्काईट्रैक्स के अनुसार, दुनिया की 20 सर्वश्रेष्ठ एयरलाइंस की सूची इस प्रकार है- कतर एयरवेज, सिंगापुर एयरलाइंस, अमीरात, ऑल निप्पॉन एयरवेज, क्वांटस एयरवेज, जापान एयरलाइंस, तुर्क हवा योलारी, एयर फ्रांस, कोरियन एयर, स्विस इंटरनेशनल एयर लाइंस, ब्रिटिश एयरवेज, एतिहाद एयरवेज, चाइना सदर्न, हेनान एयरलाइंस, कैथे पैसेफिक, केएलएम, ईवीए एयर, वर्जिन अटलांटिक और विस्तारा।




# शीर्ष रेटिंग एजेंसियों को वैश्विक मंदी की आहट के बीच भारत पर भरोसा कायम

### जीडीपी ग्रोथ 7.3 का अनुमान

**नई दिल्ली ।**

बाजार एक प्रमुख रेटिंग्स एजेंसी ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 7.3 प्रतिशत रह सकती है। आने वाले समय में हम इसके नीचे जाने का जोखिम देख रहे हैं। महंगाई को लेकर कहा कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई आरबीआई की ओर से तय की गई उच्चतम दर 6 प्रतिशत से अधिक रह सकती है। एजेंसी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था कोरोना वायरस महामारी के बाद तेजी से उभर रही है। देश के अंदर से आ रही घरेलू मांग से अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिल रहा है। एजेंसी ने कहा कि हम भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास दर के अनुमान को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 7.3 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। हालांकि उन्हें कहा कि हम इस विकास दर के नीचे जाने का जोखिम देख रहे हैं। इससे पहले एक अमेरिकी रेटिंग एजेंसी ने वित्त वर्ष 2022-23 के विकास दर अनुमान को 7.8 प्रतिशत घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया था। भारत की एक एजेंसी ने वित्त वर्ष 2022-23 के विकास दर अनुमान को 7 प्रतिशत से घटाकर 6.9 प्रतिशत, एशियन डेवलपमेंट बैंक ने 7.5 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर चालू वित्त वर्ष (2022-23) में 7.2 प्रतिशत रह सकती है। पिछले वित्त वर्ष में यह 8.7 प्रतिशत थी। एजेंसी ने कहा है कि बढ़ती महंगाई के चलते इस वित्त वर्ष में आरबीआई ब्याज दर को 5.9 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है। पिछले चार महीनों में महंगाई को काबू करने के आरबीआई ब्याज दर को 1.4 प्रतिशत तक बढ़ा चुका है।




## भारत 75 से अधिक देशों को कर रहा रक्षा उत्पाद निर्यात

**नई दिल्ली ।** सरकार ने कहा कि भारत समन्वित प्रयासों के बल पर 75 से अधिक देशों को रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहा है। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने एक ट्वीट में कहा कि दूसरे सबसे बड़े सशस्त्र बल वाले भारत का रक्षा क्षेत्र क्रांति के कगार पर है। बीते पांच वर्षों में भारत का रक्षा निर्यात 334 फीसदी बढ़ गया है। पीआईबी इंडिया के ट्विटर हैंडल पर इस ट्वीट के साथ एक पोस्टर भी साझा किया गया जिसमें कुछ आंकड़े प्रस्तुत किया गए हैं। इस पोस्टर में रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण एवं उत्पादन में वृद्धि की जानकारी दी गई है। इसमें यह भी बताया गया है कि भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को सेवा में उतारा गया है। रक्षा सचिव अजय कुमार ने कुछ दिनों पहले एक कार्यक्रम में कहा था कि 'मेक इन इंडिया' पहल की ताकत का इस्तेमाल रक्षा क्षेत्र में करने के प्रयास किए जा रहे हैं और अमृत काल की कल्पना देश को रक्षा उत्पादन के मामले में वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच देशों के बीच देखने की है। उन्होंने कहा था कि बीते 75 वर्ष में भारत दुनिया में रक्षा उत्पादों के सबसे बड़े आयातकों में से एक रहा है और सरकार इस स्थिति को बदलना चाहती है।

# दान देने के मामले में अजीम प्रेमजी से भी कोसों दूर हैं अडानी

### - पिछले साल अडानी ने 130 करोड़ दान किए जब कि प्रेमजी ने 9,713 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली ।**

दुनिया के अमीरों की सूची में भले ही गौतम अडानी दूसरे नंबर पर आ गए हों ले किन दना देने के मामले में वह अजीम प्रेमजी से कोसों दूर हैं। पिछले साल गौतम अडानी ने 130 करोड़ रुपये दान किए। वहीं विप्रो की अजीम प्रेमजी एंड फेमिली ने 9,713 करोड़ रुपये परोपकारी कामों के लिए दान किए। यानी अडानी ने प्रेमजी की तुलना में महज 1.3 फीसदी राशि ही दान की। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रेमजी और उनके परिवार ने पिछले साल 9,713 करोड़ रुपये दान दिए। इसमें से अधिकतर पैसा एजुकेशन के लिए दिया गया। सबसे ज्यादा दान देने वाले भारतीय अमीरों की सूची में एचसीएल की शिव नाडर फैमिली दूसरे नंबर पर है। इस परिवार ने 1,263 करोड़ रुपये दान किए। इसमें से अधिकांश राशि आर्ट्स, कल्चर और हेरिटेज के लिए दिए गए। इस स्ेच्भ् में तीसरे नंबर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और उनका परिवार है। अंबानी भारत से दूसरे और दुनिया के नौवें सबसे बड़े रईस हैं। उनके परिवार ने पिछले साल 577 करोड़ रुपये दान में दिए। इसमें से अधिकांश रकम एजुकेशन सेक्टर को दी गई। सबसे बड़े दानवीर की लिस्ट में केएम बिड़ला चौथे नंबर पर है। इस परिवार ने पिछले साल 377व करोड़ रुपये का दान दिया। इसमें से अधिकांश राशि हेल्थकेयर सेक्टर को दी गई। पांचवें नंबर पर इन्फोसिस के कोफाउंडर नंदन निलेकणी हैं। उन्होंने पिछले साल 183 करोड़ रुपये का दान दिया जिसमें से अधिकांश राशि सोसाइटल थिंकिंग के लिए दी गई। इसी तरह हिंदुजा परिवार ने पिछले साल 166 करोड़ रुपये, बजाज फैमिली ने 136 करोड़ रुपये, वेदांता के अनिल अग्रवाल एंड फैमिली ने 130 करोड़ रुपये और बर्मन फैमिली ने 114 करोड़ रुपये का दान दिया। इन परिवारों ने हेल्थकेयर और डिजास्टर रिलीफ के लिए ज्यादातर पैसा दान दिया। पिछली शताब्दी में टाटा ग्रुप से संस्थापक जमशेद टाटा दुनिया के सबसे बड़े दानवीर थे। उन्होंने 102 अरब डॉलर दान किए थे। साल 2020-21 में भारतीय कंपनियों ने सीएसआर के तहत 24,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, टाटा संस और एचडीएफसी बैंक सबसे आगे रहे। कोरोना के कारण हेल्थकेयर और पीएम नेशनल रिलीफ फंड में सीएसआर फंडिंग में बढ़ोतरी देखने को मिली। एजुकेशन सेक्टर को सबसे ज्यादा दान मिला।

# ऐपल आईफोन 14 अब भारत में बनाया जाएगा

**नई दिल्ली ।**

ऐपल का नया फोन आईफोन-14 का विनिर्माण अब भारत में किया जाएगा। कंपनी चीन के बाद दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन बाजार में विनिर्माण के लिए बड़ा दांव लगा रही है। ऐपल ने भारत में 2017 में आईफोन एसई के साथ विनिर्माण शुरू किया था। कंपनी देश में अपने कुछ सबसे उन्नत आईफोन बनाती है, जिनमें आईफोन एसई, आईफोन 12, आईफोन 13 और अब आईफोन 14 शामिल हैं। ऐपल ने इस महीने की शुरुआत में अपनी नई आईफोन श्रृंखला आईफोन 14 मॉडल का अनावरण किया था। इसमें एक बेहतर कैमरा, शक्तिशाली सेंसर और उपग्रह संदेश सुविधा दी गई है। इसके चार मॉडल हैं- आईफोन 14, प्लस, प्रो और प्रोमैक्स। सूत्रों के मुताबिक अगले कुछ दिनों में भारत में बना आईफोन 14 स्थानीय ग्राहकों तक पहुंचना शुरू हो जाएगा। भारत में बने फोन भारतीय बाजार और निर्यात, दोनों के लिए होंगे। आईफोन 14 को चेन्नई के बाहरी इलाके में स्थित फॉक्सकॉन के श्रीपेरंबदूर संयंत्र से निर्यात किया जाएगा। ऐपल ने कहा कि नया आईफोन 4 नई तकनीकों और महत्वपूर्ण सुरक्षा फीचर की पेशकश करता है। आईफोन 14 को सात सितंबर, 2022 को पेश किया गया था और 16 सितंबर 2022 से यह फोन अन्य बाजारों के साथ ही भारत में ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।



# वाणिज्यिक वाहन खंड में सालाना 2,000 करोड़ रुपये के निवेश को जारी रखेगी टाटा मोटर्स




**मुंबई ।**

टाटा मोटर्स की योजना अपने वाणिज्यिक वाहन बिजनेस में सालाना 2,000 करोड़ रुपये के निवेश को जारी रखने की है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने कहा कि कंपनी विभिन्न 'पावरट्रेन पर आधारित नए मॉडल की पेशकश करती रहेगी। टाटा मोटर्स ने सोमवार को योद्धा 2.0, इंट्रा वी20 बायो-ईंधन और इंट्रा वी50 मॉडल की पेशकश की। कंपनी सीएनजी और अन्य वैकल्पिक ईंधन विकल्पों से चलने वालों वाहनों पर विशेष तौर पर ध्यान दे रही हैं। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन खंड में अग्रणी स्थिति में है।

वाघ ने कहा, जहां तक कंपनी के वाणिज्यिक वाहन कारोबार की बात है, हम हर साल लगभग 2,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं, जिसमें आंतरिक दहन इंजन (पेट्रोल, डीजल वाले ईंजन), वैकल्पिक ईंधन के साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों पर हमारा निवेश शामिल है। हम इसी दर से निवेश करना जारी रखने वाले हैं। ताकि नए वाहनों की पेशकश सुनिश्चित की जा सके। वाणिज्यिक वाहनों के क्षेत्र में इलेक्ट्रिक उत्पादों की पेशकश के बारे में पूछने पर वाघ ने कहा कि शून्य उत्सर्जन वाले वाहनों को अपनाना अपरिहार्य है और भारत में ऐसा वैकल्पिक ईंधन के जरिए होगा।

वाघ ने कहा, हम वैकल्पिक ईंधन वाले वाहनों की अपनी रेंज बढ़ा रहे हैं... हमने आज एक टन सीएनजी से चलने वाला वाहन पेश किया है... कुछ महीने पहले, हमने 1,000 किलोमीटर की रेंज के साथ सीएनजी संचालित मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहन पेश किए थे। वैकल्पिक ईंधन के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की दिशा में बदलाव को ले जाने के लिए हम तैयार हैं।

वाघ ने कहा कि कंपनी ने टाटा ऐस ईवी का उत्पादन शुरू कर दिया है, और डिलिवरी अगले महीने शुरू होने की उम्मीद है।

# कच्चा तेल 87.27 डॉलर, कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल महंगा



**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को बढ़ोतरी देखने को मिली है। कच्चे तेल की बात करें तो ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 87.27 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है, जबकि डब्ले यूटीआई 79.84 डॉलर प्रति बैरल के भाव बिक रहा है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता में कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन चेन्नई में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 102.74 लीटर और डीजल 94.33 लीटर पर पहुंच गई है। इधर, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल डीजल की कीमत में 0.53 रुपए तक की बढ़ोतरी हुई है। वहीं जम्मू-कश्मीर, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब समेत कुछ अन्य राज्यों में 0.59 रुपए तक सस्ता हो गया है। इनके अलावा बाकी अन्य राज्यों में कीमत पहले की तरह स्थिर हैं। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.74 रुपए और डीजल 94.33 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.32 रुपए और डीजल 89.50 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपए और डीजल 94.36 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।




## आईसीसी टी20 रैंकिंग में भारत फिर नंबर 1, ऑस्ट्रेलिया छठे स्थान पर खिसका

**दुबई** . भारत ने आस्ट्रेलिया को तीन मैचों की श्रृंखला में हराकर आईसीसी टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड पर बढ़त 7 अंक की कर ली है। पहले मैच में मिली हार के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने नागपुर में श्रृंखला में बराबरी की और हैदराबाद में तीसरा वनडे और श्रृंखला अपने नाम कर ली। भारत को इससे एक अंक का फायदा मिला और अब उसके 268 अंक है जबकि इंग्लैंड उससे सात अंक पीछे है। भारत को अब दक्षिण अफ्रीका से सीरीज खेलनी है जिससे शीर्ष पर अपनी जगह और पुख्ता करने का मौका मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका 258 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है और वह भी बुधवार से शुरू हो रही श्रृंखला के जरिए अपनी रैंकिंग बेहतर कर सकता है। पाकिस्तान ने इंग्लैंड को कराची में चौथे टी 20 में हराकर भारत को इंग्लैंड पर बढ़त पक्की करने में मदद की। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका दोनों तीसरे स्थान पर है। पाकिस्तान को अभी इंग्लैंड से तीन मैच और खेलने है और वह अपनी रैंकिंग में सुधार कर सकता है। इंग्लैंड बाकी तीन में से एक भी मैच जीतने पर दूसरे स्थान पर बना रहेगा। विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया छठे स्थान पर खिसक गया है।

# रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे अधिक जीत दर्ज करने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बने

## विराट ने सबसे ज्यादा रनों के मामले में द्रविड़ को पीछे छोड़ा

**हैदराबाद ।(एजेंसी)**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में जीत के साथ ही कप्तान के तौर टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने के मामले में दूसरे नंबर पर आ गये हैं जबकि पूर्व कप्तान विराट कोहली तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम को 32 जबकि रोहित की कप्तानी में 33 टी20 मैचों में जीत मिली है। वहीं सबसे अधिक जीत के मामले में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी पहले नंबर पर हैं। धोनी की कप्तानी में भारतीय भारतीय टीम को 42 टी20 अंतराष्ट्रीय मैचों में जीत मिली थी। वहीं एक साल में पुरुषों के टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा जीत के मामले में भारत ने पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया है। टीम इंडिया ने साल 2022 में अभी तक कुल 21 टी20 मैच जीते हैं जबकि पाकिस्तान ने साल 2021 में 20 टी20 मैच ही जीते थे। वहीं टी20 क्रिकेट में चौथे या इससे निचले क्रम पर आकर साल में सबसे अधिक अर्धशतक के मामले में सूर्यकुमार यादव ने पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को पीछे छोड़ दिया है। सूर्यकुमार के नाम साल 2022 में अब तक 4 अर्धशतक हैं , वहीं युवराज ने साल 2009 में तीन अर्धशतक लगाये थे। इसके अलावा विराट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे अधिक रन बनाने के मामले में भी राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया है। कोहली 24078 रनों के साथ ही दूसरे नंबर पर हैं जबकि द्रविड़ 24064 रनों के साथ तीसरे नंबर पर फिसल गए हैं। इस सूची में सचिन 34357 अंतरराष्ट्रीय रनों के साथ ही नंबर एक पर हैं। भारत ने 9 साल बाद घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया को किसी टी20 सीरीज में हराया है। इससे पहले साल 2013 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया था। इसके अलावा भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2013 में राजकोट में 202 रन का पीछा कर जीत हासिल की थी।



# ब्रैंडन नकाशिमा ने सैन डिएगो में पहला एटीपी टूर खिताब जीता

**सैन डिएगो ।(एजेंसी)**



घरेलू टेनिस खिलाड़ी ब्रैंडन नकाशिमा ने अमरीकी फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त मार्कोस गिरोन को 6-4, 6-4 से हराकर ड्रीम वीक पूरा किया और अपना सैन डिएगो ओपन जीत लिया। यह उनका पहला एटीपी टूर खिताब है। सैन डिएगो के ब्रैंडन एटीपी लाइव रैंकिंग में करियर के उच्चतम 48वें से 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। नकाशिमा को खिताब जीतने पर कहा- यह यहां एक सपने जैसा लगता है। मेरे गृहनगर में मेरा पहला एटीपी खिताब। यहां अपना पहला खिताब हासिल करने में सक्षम होने के लिए अविश्वसनीय मौका है। आज रात यहां अद्भुत माहौल है और मैं वास्तव में सभी का धन्यवाद कहना चाहता हूं। नकाशिमा ने कहा- आज यहां कोई फर्क नहीं पड़ता, मुझे हमेशा से पता था कि कुछ कठिन क्षण होने वाले हैं। जिनके पास अपने जूनियर दिनों में 'महान दोस्त' गिरोन के साथ अभ्यास करने की यादें हैं। मुझे पता था कि यह आसान नहीं होगा। मुझे हर गेम के लिए संघर्ष करना पड़ा। दूसरे सेट की शुरुआत में मैंने अपनी सर्विस खो दी थी लेकिन मुझे लगता है कि मैंने अगले गेम में खुद को मजबूती से वापसी लाने में सफलता हासिल की।

## सोनेगो ने बुबलिक को हराकर मोसेले ओपन जीता

**मेत्ज ।** इटली के टेनिस खिलाड़ी लोरेंजो सोनेगो ने रविवार को मोसेले ओपन के फाइनल में एलेक्सांद्र बुबलिक को 7-6, 6-2 से हराकर सत्र का अपना पहला खिताब हासिल किया। सत्ताईस साल के सोनेगो ने अपने करियर का तीसरा खिताब अपनी झोली में डाला और यह उनका हार्ड कोर्ट पर पहली ट्राफी है। गैर वरीय सोनेगो ने सातवें वरीय बुबलिक को हराने से पहले सेमीफाइनल में गत चैम्पियन हुबर्ट हुर्कास्ज को पराजित किया था। सोनेगो की यह जीत उन्हें एटीपी रैंकिंग में 21 पायदान का फायदा दिलाकर 44वें स्थान पर पहुंचा देगी।



# विराट कोहली व्हाइट-बॉल क्रिकेट में 16,000 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

**हैदराबाद (तेलंगाना) ।(एजेंसी)**

स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली रविवार को सफेद गेंद वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 16,000 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली ने हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान यह मुकाम हासिल किया। चेज मास्टर के नाम से मशहूर कोहली ने 48 गेंदों में 3 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 131.25 रहा। कोहली ने सूर्यकुमार यादव (69) के साथ मिलकर 104 रन की शानदार साझेदारी भी की जोकि भारत की जीत का आधार बनी। अब, कोहली के टी20ई और एकदिवसीय प्रारूप में मिलाकर 16,004 रन हो गए हैं। उन्होंने 369 मैचों की 352 पारियों में 55.95 की औसत से यह रन बनाए। वह 44 शतक और 97 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। उन्होंने 262 वनडे में 57.68 की औसत से 12,344 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 43 शतक और 64 अर्धशतक आए हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर 183 है। टी20 आई में उन्होंने 107 मैचों में 50.83 की औसत से 3,660 रन बनाए हैं। कोहली ने सबसे छोटे प्रारूप में 122* के सर्वश्रेष्ठ के साथ एक शतक और 33 अर्धशतक बनाए हैं।



कोहली सफेद गेंद वाले क्रिकेट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। उनसे आगे सचिन तेंदुलकर हैं। तेंदुलकर ने कुल 463 एकदिवसीय मैच खेले जिसमें 44.83 की औसत से 18,426 रन बनाए। उनके बल्ले से 49 शतक और 96 अर्धशतक आए। सर्वश्रेष्ठ स्कोर 200* रहा। दूसरी ओर मास्टर ब्लास्टर ने केवल एक टी-20 खेला जिसमें उन्होंने 10 रन बनाए थे। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 में पहले खेलते हुए टिम डेविड और कैमरून ग्रीन के अर्धशतकों की बदौलत 186/7 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम को विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव का सहारा मिला। विराट ने 66 तो सूर्यकुमार ने 69 रन बनाए। अंत में विजयी शॉट हार्दिक के बल्ले से निकला।

### संक्षिप्त समाचार



## हमारे खिलाफ गोल करना मुश्किल होगाः भारतीय महिला अंडर-17 टीम के मुख्य कोच

**नयी दिल्ली ।** भारतीय अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी ने रविवार को कहा कि आगामी फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिये चुनी टीम ने अपने रक्षण में काफी सुधार किया है लेकिन उसे 'आक्रामकता बरतने और कुछ तकनीकी पहलुओं' पर काम करने की जरूरत है। डेनेरबी इस समय खिलाड़ियों के साथ विदेशी दौरे पर स्पेन में हैं। उन्होंने कहा कि टीम की फिटनेस भी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा- हमारा फिटनेस स्तर काफी अच्छा है। यह कोई समस्या नहीं होगी। रक्षण में भी हमारे सत्र अच्छे रहे हैं इसलिये हमारे खिलाफ गोल करना काफी मुश्किल होगा लेकिन हमें पिच पर अपने मौकों का फायदा उठाना होगा। डेनेरबी ने कहा- हम अपने 'हमले करने' और कुछ छोटे तकनीकी पहलुओं पर काम कर रहे हैं जिस पर इस समय ध्यान देना जरूरी है। लेकिन हमें लगता है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय टीम सोमवार को अपने पहले मैत्री मैच में स्पेन के कैटालुनिया में इमाबारी जेएफए अकादमी से खेलेगी।

## भारत के इन राज्यों में हॉकी को बढ़ाएंगे Hockey India अध्यक्ष टिर्की, किया रणनीति का खुलासा



**गांधीनगर ।** हाल में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष चुने गए दिलीप टिर्की ने रविवार को कहा कि पंजाब, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों में और अधिक कृत्रिम टर्फ बिछाकर जमीनीं स्तर पर हॉकी को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा। हालांकि अभी उनकी सबसे पहली प्राथमिकता अगले साल जनवरी में ओडिशा में होने वाला पुरूष विश्व कप होगा। टिर्की ने कहा कि राज्य जैसे पंजाब, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और शहर जैसे मुंबई और भोपाल काफी अहम हैं। मैं इन स्थानों पर जाऊंगा और खेल को जमीनीं स्तर पर बढ़ावा देने का प्रयास करूंगा। हमें प्रतिभाओं को तराशने के लिये इन स्थानों पर और अधिक कृत्रिम टर्फ की जरूरत है। भारतीय हॉकी के प्रमुख के तौर पर अपने चुनाव पर टिर्की ने कहा कि बतौर खिलाड़ी मैंने काफी कड़ी मेहनत की और ओलिम्पिक और अन्य बड़ी प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व किया। अब मुझे यह नई चुनौती सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि काफी उम्मीदें हैं और मेरी सबसे पहली प्राथमिकता ओडिशा में अगले साल 13 जनवरी से शुरू होने वाला विश्व कप है। उन्होंने कहा कि गुजरात में 36वें राष्ट्रीय खेलों से नई प्रतिभा तलाशने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय खेलों में हॉकी स्पर्धा दो अक्टूबर से राजकोट में शुरू होगी।

# विश्व कप में 'बेहतर प्रभाव' डालने के लिए तत्पर है गुरजंत

**बेंगलुरु ।**

बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने कहा है कि वह अपने खेल में सुधार करने और आगामी विश्व कप में बड़ा प्रभाव डालने के लिए तत्पर हैं। हॉकी इंडिया ने सोमवार को गुरजंत के हवाले से कहा कि मुझे खुशी है कि मैं राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता टीम का हिस्सा था। ओलिम्पिक और राष्ट्रमंडल खेलों का पदक विजेता होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैंने उन बिंदुओं पर ध्यान दिया है जिन पर मुझे सुधार करने की जरूरत है। मैं एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला जैसे आयोजनों में और भी बड़ा प्रभाव डालने के लिए तत्पर हूं। भारत के 27 वर्षीय फॉरवर्ड ने कहा कि उन्हें एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का मौका मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि विश्व कप में खेलना हर हॉकी खिलाड़ी का सपना होता है। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि मुझे हमारे घरेलू मैदान पर टूर्नामेंट खेलने का मौका दिया जाएगा। ओडिशा में हमेशा (हॉकी को लेकर) धूमधाम होती है और मुझे यकीन है कि प्रशंसकों का समर्थन हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। गुरजंत ने भारतीय टीम की वर्तमान योजनाओं पर कहा- हम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं। वहां अच्छा प्रदर्शन करने से हमें एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला के लिए आत्मविश्वास मिलेगा। हम चुनौती की प्रतीक्षा कर रहे हैं और एक टीम के रूप में बेहतर होने के लिए दृढ़ हैं।



## रनआउट पर पहली बार बोलीं दीप्ति शर्मा- हमने उसे पहले कई चेतावनियां दी थीं

**कोलकाता ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने चार्ली डीन के विवादास्पद मगर वैध रनआउट पर सोमवार को कहा कि डीन को रनआउट से पहले कई चेतावनियां दी गई थीं। इंग्लैंड को जब तीसरा एकदिवसीय मैच जीतने के लिये 39 गेंदों पर 17 रन की आवश्यकता थी तब डीन (47) नॉन-स्ट्राइकर छोर पर खड़ी थीं। पारी का 44वां ओवर फेंक रही दीप्ति ने डीन को क्रीज से बाहर निकला हुआ पाया और रनआउट करके भारत को शृंखला में 3-0 से जीत दिलाई। दीप्ति ने इस घटना के बारे में बताया कि डीन को कई बार चेतावनी देने के बाद ऐसा करने की योजना बनाई गई। दीप्ति ने टीम के कोलकाता में आगमन के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह एक योजना थी, क्योंकि हम उन्हें पहले ही (समय से पहले क्रीज छोडने के लिए) कई बार चेतावनी दे चुके थे। हमने यह काम नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार किया। हमने अंपायरों को भी बताया कि वह क्रीज से बाहर थीं। हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों के अनुसार एक फील्डिंग टीम के पास नॉन-स्ट्राइकर छोर पर खड़े बल्लेबाज को बिना चेतावनी के भी आउट करने का अधिकार होता है।



## यींगदर टीपीसी टूर्नामेंट : Honey Baisoya संयुक्त आठवें स्थान पर रहे

**लिंकोऊ (चीनी ताइपे) ।** भारत के हनी बैसोया अंतिम दौर में पांच अंडर 67 के शानदार स्कोर के साथ लिंकोऊ अंतरराष्ट्रीय गोल्फ एवं कंट्री क्लब में सात लाख डॉलर इनामी यींगदर टीपीसी टूर्नामेंट में संयुक्त आठवें स्थान पर रहे। राशिद खान (68) और अजितेष संधू (68) भी संयुक्त आठवें स्थान पर रहे। तीनों का स्कोर 12 अंडर 276 रहा। संधू ने बोगी रहित स्कोर बनाया जबकि राशिद ने 8 बर्डी की लेकिन दो बोगी और एक डबल बोगी कर गए। अन्य भारतीयों में एस चिकारंगप्पा (70) संयुक्त 18वें जबकि शिव कपूर (70) और राहिल गंगजी (70) संयुक्त 29वें स्थान पर रहे। वीर अहलावत (69) संयुक्त 36वें जबकि एसएसपी चौरसिया (72) और उदयन माने (70) संयुक्त 42वें स्थान पर रहे। करणदीप कोच्चर (72) और मनु गंडास (72) ने संयुक्त 49वां जबकि अमनराज ने (73) ने संयुक्त 74वां स्थान हासिल किया। आस्ट्रेलिया के ट्रेविस स्मिथ ने दो शॉट की बढ़त के साथ एशियाई टूर पर अपना पहला खिताब जीता। उन्होंने अंतिम दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से कुल 19 अंडर का स्कोर बनाया।

# भवानी देवी की निगाहें राष्ट्रीय खेलों में नई तकनीक और रणनीति परखने पर



**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

ओलिम्पिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज भवानी देवी राष्ट्रीय खेलों के दौरान अपनी नई तकनीक और रणनीति को परखने पर ध्यान लगाए हैं ताकि इनका इस्तेमाल भविष्य में बड़े टूर्नामेंट में कर सके। पिछले महीने राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली 29 साल की भवानी गुजरात में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में आकर्षित करने वाले खिलाडियों में शामिल होंगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा वर्चुअल बातचीत में भवानी ने कहा कि मैंने अपना कोच बदला है, मेरी तकनीक, रणनीति और हर चीज में अब बदलाव हुआ है। हमें अभी और अधिक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट खेलने हैं जैसे अप्रैल में ओलंपिक क्वालीफायर। मुझे इस नयी तकनीक और रणनीति को अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ इस्तेमाल करना होगा और देखना होगा कि यह कितनी कारगर होती है। उन्होंने कहा कि सेबर काफी फुर्ती भरा खेल होता है, आप एक दूसरे से छूने के दौरान समय नहीं ले सकते, इन 'मिलीसेकेंड' के अंदर जो करना चाहते हो, आप उसके बारे में सोचकर फैसला नहीं कर सकते। भवानी ने कहा कि इसलिए राष्ट्रीय खेलों में नई तकनीक का इस्तेमाल करने का जोखिम है क्योंकि ये ऐसे खेले हैं जिन्हें हर कोई देखेगा। इसलिए मुझे अच्छा प्रदर्शन करना होगा लेकिन साथ ही मुझे अपनी नई तकनीक पर भी काम करना होगा जिससे मुझे बड़े टूर्नामेंट में मदद मिल सकती है। चेन्नई में जन्मीं भवानी ने इटली के कोच निकोला जानोटी से नाता तोड़ लिया है और अब वह फ्रांस के महान तलवारबाज क्रिस्टियन बॉयूर से कोचिंग ले रही हैं। भवानी ने कहा कि भारतीय तलवारबाजों को सर्वश्रेष्ठ से प्रतिस्पर्धा करने के लिए और अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगितायें खेलने की जरूरत है। रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज यह भारतीय तलवारबाज इस्तांबुल में विश्व कप में 23वें स्थान पर रही थी। वह जुलाई में विश्व चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में पहुंची थी और अगस्त में उन्होंने राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में अपना खिताब बरकरार रखा था।

## ऑस्ट्रेलिया कोच ने की अक्षर की तारीफ, बोले- जडेजा की कमी खलनी नहीं दी



**हैदराबाद ।** आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि टी 20 श्रृंखला में रविंद्र जडेजा के नहीं खेलने से भारतीय टीम कमजोर नहीं हुई बल्कि अक्षर पटेल के रूप में उन्हें बेहतरीन विकल्प मिला। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर को चोटिल जडेजा की जगह उतारा गया। अक्षर ने तीन मैचों की श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेकर अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। मैकडोनाल्ड ने तीसरे मैच के बाद कहा कि अक्षर का प्रदर्शन शानदार रहा। जडेजा के बाहर होने के बाद सभी ने सोचा था कि भारतीय टीम कमजोर होगी लेकिन उन्हें एक और शानदार खिलाड़ी मिल गया। यह पूछने पर कि विश्व कप से पहले श्रृंखला में मिली हार क्या चिंता का सबब है, कोच ने कहा कि पूरी श्रृंखला में रनरेट अच्छा रहा और काफी मनोरंजक क्रिकेट खेली गई। बल्ले का गेंद पर दबदबा रहा और गेंदबाजों के लिए कुछ था नहीं। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया और यहां के हालात अलग हैं। वहां पिचों में अधिक उछाल होगी और मिशेल स्टार्क टीम में लौटेंगे जिससे हमारा आक्रमण मजबूत होगा। उन्होंने अर्धशतक जमाने वाले भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए कहा कि सूर्यकुमार का प्रदर्शन शानदार रहा। वह विश्व कप में खतरनाक साबित हो सकता है। उसने दिखा दिया कि वह क्या कर सकता है।



# क्या आप अपने नए घर को पेंट करवाने का सोच रहे हैं?

**क्या आप अपने नए घर को पेंट करवाने का सोच रहे हैं? या अपने पुराने आशियाने को ही नई रंगत देकर नया लुक देना चाहते हैं? यदि हां, तो आपकी घर की दीवारों को पेंट करवाने से पहले ये जरूर जान लीजिए कि किन रंगों से महकेगा आपका आशियाना। घर की साज-सज्जा एवं रंग-रोगन के लिए दिशा के अनुसार चुनें इन 5 समृद्धिदायक रंगों को, और पाएं वर्ष भर खुशहाली व सुख-समृद्धि। जानें कैसे करें रंगों का चुनाव...**

हिन्दू धर्म के सबसे बड़े त्योहार दीपावली के लिए कई दिन पहले से घर में साफ-सफाई और रंग-रोगन का दौर शुरू हो जाता है। घर में सुख शांति और प्रसन्नता का वातावरण बना रहे इसलिए कई लोग घर की साज-सज्जा व रंगाई के लिए वास्तु और फेंगशुई के टिप्स भी आजमाते हैं।

- घर का बैठक कक्ष सबसे अहम होता है, इसलिए यहां की दीवारों पर विशेष तौर पर ध्यान देने की जरूरत होती है। यहां पर भूरा, गुलाबी, सफेद या क्रीम कलर सबसे अच्छा माना जाता है। यहां पर इन रंगों के परदे या तकिए कवर का इस्तेमाल भी शुभ फल देता है।
- भोजन कक्ष को रंगवाते समय आसमानी, हल्का हरा व गुलाबी रंग करवा सकते हैं। इससे हमेशा ऊर्जा व ताजगी का संचार होता है और सकारात्मकता बनी रहती है।
- रसोई घर में सफेद रंग हमेशा अच्छा माना जाता है। हांलांकि यह गंदा भी बहुत जल्दी होता है, लेकिन अगर आप नियमित तौर पर सफाई बनाएं रखें तो यह बहुत ही सकारात्मक प्रभाव छोड़ता है।
- बाथरूम या शौचालय के लिए हल्का गुलाबी या फिर सफेद रंग ही सबसे बेहतर होते हैं। खास तौर से बाथरूम में गुलाबी रंग का प्रयोग ताजगी बनाए रखता है और आप आंतरिक खुशी महसूस करते हैं।
- शयन कक्ष भी काफी महत्वपूर्ण होता है, यहां पर भी आप हल्का हरा, आसमानी, गुलाबी जैसे रंगों को इस्तेमाल कर सकते हैं, जिन्हें देखकर मन हमेशा प्रसन्न रहे। इससे आपके रिश्तों में भी मधुरता आती है।
- पीला रंग सुकून व रोशनी देने वाला रंग होता है। घर के ड्राइंग रूम, ऑफिस आदि की दीवारों पर यदि आप पीला रंग करवाते हैं तो वास्तु के अनुसार यह शुभ होता है।
- अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए आपको अपने कमरे की उत्तरी दीवार पर हरा रंग करना चाहिए।
- आसमानी रंग जल तत्व को इंगित करता है। घर की उत्तरी दीवार को इस रंग से रंगवाना चाहिए।
- घर के खिड़की दरवाजे हमेशा गहरे रंगों से रंगवाएं। बेहतर होगा कि आप इन्हें डार्क ब्राउन रंग से रंगवाएं ।
- जहां तक संभव हो सके घर को रंगवाने हेतु हमेशा हल्के रंगों का प्रयोग करें।





# क्या है बच्चों की मालिश का परफेक्ट तरीका

**कोरोनाकाल में घर से लेकर ऑफिस तक के काम का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में रात में बच्चों को सुलाने में मशक्कत करनी पड़े तो मन में खीज पैदा होना लाजिमी है। अगर काफी देर तक घुमाने-टहलाने और लोरी सुनाने के बाद भी आपके लाडले की आंखों में नींद नहीं भरती तो परेशान मत होइए। लंदन के मशहूर मसाज विशेषज्ञ ने मालिश की ऐसी विधि सुझाई है, जिससे आपका बच्चा मिनटों में नींद के आगोश में चला जाएगा।**

### मां-बाप की मशक्कत

- मां-बाप को बच्चे के जन्म के शुरुआती एक साल में 04 घंटे 44 मिनट की औसत नींद मिलती है
- 50 रातों की नींद गंवाने के बराबर है यह आंकड़ा, स्वस्थ वयस्कों को आठ घंटे रोजाना सोना चाहिए
- 54 मिनट औसतन रोजाना बच्चे को सुलाने में लगते हैं, तीन बार औसतन रात में उठता है बच्चा
- 02 मील रोजाना चलना-फिरना होता है मां-बाप का बच्चे को बहलाने, फुसलाने, सुलाने की प्रक्रिया में।

### पूरे शरीर में लगाएं तेल

- सरसों, नारियल या जैतून का तेल लें, सिर से लेकर पांव तक हल्के हाथों से हर एक अंग में लगाएं
- अब ऊपर से नीचे की तरफ धीमी गति से हाथ फिराते हुए 10 से 15 मिनट तक बच्चे की मालिश करें

### बातों में उलझाए रखें

- साज करते समय चेहरे पर मुस्कराहट जरूर बनाए रखें
- बच्चे से धीमे स्वर और तुतलाती भाषा में प्यार-भरी बातें करें
- तेज मालिश करने से बचें, बच्चा रोए तो उस पर चिल्लाएं नहीं

### खास जगहों पर मसाज जरूरी

- नाक का ऊपरी हिस्सा - दोनों भौहों के बीच नाक के शुरुआती हिस्से पर अंगूठे और तर्जनी उंगली से हल्की मालिश करें। बच्चे का मन शांत करने में मदद मिलती है।
- हथेली - दोनों हथेलियों पर धीमे-धीमे से हाथ फिराएं। पांचों उंगलियों के बीच के स्थान पर कम से कम 30 सेकेंड तक हल्की मसाज दें। दांत दर्द की समस्या दूर होगी।
- पेट - दर्द, गैस, कब्ज की समस्या से राहत दिलाने और पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए पेट पर बाईं से दाईं ओर गोलाई में हल्के हाथ से पांच मिनट तक मसाज करें।
- पंजे - अंत में बच्चे के दोनों पैरों के पंजे अपने हाथों में लें। अब पंजे के बीच के हिस्से को अंगुठे से 10 से 15 सेकेंड के लिए दबाएं। उसका मस्तिष्क पूरी तरह से शांत हो जाएगा।

### मन शांत करने में मददगार

- हल्के हाथों की मालिश लव हार्मोन 'ऑक्सिटोसिन' का स्तर बढ़ाने के साथ ही स्ट्रेस हार्मोन 'कॉर्टिसोल' का उत्पादन घटाने में कारगर
- इससे बच्चे के मस्तिष्क में मौजूद अतिरिक्त ऊर्जा के शांत पड़ने से तन-मन को सुकून महसूस होता है, शरीर में सुस्ती भी छाती है

### गुनगुना दूध पिलाना भी फायदेमंद

- सोने-जगने का समय तय करें, उसे रोज अमल में भी लाएं
- रात में बिस्तर पर आने के बाद बच्चे को गुनगुना दूध पिलाएं
- कमरा हल्का ठंडा रखें, मुलायम गद्दे पर सुलाएं, लोरी सुनाएं

# ...तो रिश्ता हो जाएगा मजबूत



**दुनिया में रिश्ते के बिना प्यार का अहसास ही नहीं हो सकता। रिश्ता चाहे कोई भी हो खास होता है। इसे निभाने के लिए शुरुआत भी अलग तरीके की होना चाहिए। फिर चाहे वो दोस्ती हो या फिर रिश्तेदारी।**

खुशियों का अहसास अपनो से ही होता है। इसे हमेशा के लिए गहरा करने के लिए कुछ खास बातों की तरफ ध्यान देना बहुत जरूरी है ताकि आने वाला हर पल हसीन रहे। अगर किसी कारण रिश्तों में गलतफहमियां आ भी जाए तो एक दूसरे पर यकीन इतना गहरा हो कि कोई दूसरा आपमें अपनी जगह बना न सके। लेकिन इसके लिए कुछ बातों का खास ख्याल रखना भी बहुत जरूरी है ताकि प्यार से संजो कर रखा गया यह रिश्ता जिंदगी की जरूरत बन जाए।

### एक दूसरे को जानना जरूरी

आप किसी से प्यार करते हैं तो इसके लिए एक बात को जान लेना बहुत जरूरी है आपको उसकी आदतों के बारे में जानना होगा। इससे आप खुद को और अपने बढ़ते रिलेशनशिप को कुछ समय दे पाएंगे। जो भविष्य में आपके लिए परेशानी नहीं बनेगा।

### रिलेशनशिप से बनें पहचान

दोस्ती को आगे बढ़ाने के लिए कुछ बातों को समझना बहुत जरूरी है। जैसे दोस्ती इस तरह की हो जो आपकी पहचान बनें। इस बात का ध्यान रखें कि कहीं ऐसा तो नहीं कि आप दोस्ती में खोते जा रहे हैं। यह बदलाव आपके लिए खतरनाक हो सकता है।

### कभी शक भी जायज


जहां यकीन है वहां शक होना भी कभी कभी जायज होता है। पार्टनर पर जरूरत से भी ज्यादा यकीन कर लेने से भी कई बार रिश्ता खराब होने का डर रहता है। थोड़ा बहुत शक करना या फिर पजेसिव होने से पार्टनर को भी पता चलता है कि आप उनके लिए कितने जरूरी हैं।

### एक-दूसरे को दें वक्त

एक-दूसरे के साथ समय बिता कर उसके बारे में बहुत कुछ जानने को मिलता है। कई बार ज्यादा देर तक बनाई गई दूरी भी रिश्ते में खट्टास पैदा कर सकती है। ऐसे में समय की कमी के कारण अगर पार्टनर के साथ नराजगी है तो एक-दूसरे को समय जरूर दें। कहीं न कहीं आपके रिश्ते में मजबूती आनी शुरू हो जाएगी। कोशिश करें एक- दूसरे के साथ समय बिताएं।

# बढ़ते बचपन के साथ व्यावहारिक समझ विकसित करती हैं बेटियां

**बेटियां कैसे अपने बढ़ते बचपन के साथ-साथ घर की जिम्मेदारियों और व्यावहारिक समझ को विकसित करती हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है एक पिता के द्वारा लिखा गया ये लेख।**



सिर्फ ग्यारह साल की है मेरी बिटिया। पांचवी में पढ़ती है। यूनिटरी फैमिली में एक बच्चे को क्या-क्या झेलना पड़ता है, इसका ज्वलंत उदाहरण है वह। मैं और मेरी पत्नी दोनों ही कामकाजी हैं। हमने खुद से जद्दोजहद करते, बिना किसी के सपोर्ट के जीवन जीना सीखा है और परिवार के बुजुर्गों की परवरिश से दूर मेरी बेटी ने भी खुद ही सबकुछ सीख लिया। जब वह डेढ़ साल की थी, तभी से मछली का कांटा निकाल कर खुद खाती थी। हम कामकाज में व्यस्त रहते और वह कांटा निकालने की तरकीब ढूंढ़ती रहती। यह उसने अंतत: सीख ही लिया। किसी दिन उसकी मां को एक्जाम ड्यूटी के लिए रविवार के दिन सुबह आठ बजे ही निकलना होता। कभी-कभी मुझे भी कालेज में कक्षाएं लेने पत्नी के साथ ही आठ बजे निकलना होता है। उस वक्त बेटी की आंखों में यह सवाल होता है कि तुम दोनों शाम तक लौटोगे, तो मैं दिनभर क्या करूंगी, अकेली कैसे रहूंगी। पर वह बोलती कुछ नहीं। उसकी आंखों में हठात एक सूनापन सा आता है और आकर चला जाता है। वह तपाक से कहती है। तुमलोग जाओ। दरवाजे में बाहर से ताला लगा देना। मैं अंदर से कुंडी बंद कर दूंगी और टीवी देखती रहूंगी। ऐसा कई बार हुआ है कि हम दोनों आठ-दस घंटे बाहर होते हैं और बेटी ने दिनभर टीवी देखते हुए, बाहर से ताला लगे बंद कमरे में खुद को अकेली बिताया है। जाते वक्त हम उसका खाना, बिस्किट वगैरह रख देते हैं। हिदायत देते हैं- बेटा आग के पास मत जाना, गैस मत खोलना। बिजली कट जाये, तो बिजली आने का इंतजार करना-माचिस मत जलाना। बेटी ठीक वैसा ही करती है। आज तक उसने वैसा ही किया है। यह सिलसिला पिछले चार-पांच सालों से चल रहा है। जब वह पांच-छह साल की थी, तब से। हम दिनभर अपने काम के साथ बेटी की चिंताओं में घुलते रहते हैं कि पता नहीं वह कैसी होगी। शाम को जब दरवाजे का ताला आकर खोलते हैं, तो कभी वह अपना होंमवर्क कर रही होती है। उसने घर के अंदर, बंद ताले में खुद को सेफ रखने के लिए सभी उपाय सीख लिए हैं। जैसे ही वह बाहर कोई आहट सुनती है, टीवी धीमा कर देती है। कोई आवाज नहीं निकालती। वह धीरे-धीरे बड़ी हो रही है। फिजिकली। मेंटली वह समय से पहले ही बड़ी हो गयी है। यह सब उसे कुछ हमने सिखाया है, तो कुछ परिस्थितियों ने। अपनी कई मुश्किलें वह अपनी मां के साथ शेयर करती है, तो लगता है कि इसने अपना बचपना थोड़ा खोया, थोड़ा झटका है। महज ग्यारह साल की उम्र में उसे परिस्थितियों ने परिपक्व बना दिया है। पर, वह अकेली बिटिया है। उसे जीना इसी समाज में है।

# वॉर्डरोब में नए-पुराने कपड़ों को इस तरह से करें टिमअप और रखें वॉर्डरोब को अपडेट

**हमसे से अधिकतर लोग ऐसे हैं, जो समय की कमी के कारण अपने वॉर्डरोब पर ध्यान नहीं दें पाते। जिसके कारण वॉर्डरोब में नए-पुराने कपड़ों का ढ़ेर लग जाता है। वक्त है, कोरोना काल का जिसमें सोशल डिस्टेंसिग का हम सभी पालन कर रहे है। जिस वजह से हम अपना ज्यादातर समय घर पर ही बिता रहे है। तो क्यों न इस समय का सही इस्तेमाल करते हुए अपने वॉर्डरोब को अपडेट किया जाएं। आइए जानते कुछ टिप्स-**

- डार्क कलर के 1-2 पैंट्स अगर आपके वॉर्डरोब में हैं, तो नए लुक के लिए कुछ कलरफुल शॉर्ट कुर्ते खरीदें। कलमकारी, इकत या लखनवी चिकन के शॉर्ट कुर्ते अच्छे लगते है। साथ ही रूटीन में पहनें जानेवाले टॉप और पैंट स्टाइल को भी ब्रेक मिलता है।
- प्लेन टाइट टीशर्ट यदि आपके वॉर्डरोब में है तो इसको आप कलरफुल धोती पैंट के साथ आप टीमअप कर सकते है।
- यदि वॉर्डरोब में पुरानी प्रिटेंड सलवारों ने काफी जगह घेर रखी है, तो इनके उपर पहनने के लिए 1 से 2 कुर्ती खरीदें।
- यदि पेन्सिल जींस आपके पास हैंतो 1 से 2 फ्लोरल लॉन्ग लाइन शर्ट खरीदें।
- पुराने शॉटर्स अलनारी में है तो फिल नेक ब्लाउज टॉप या कॉन्ट्रास्ट बाइंजिंग नॉट टॉप खरीदें। नया टॉप पहनने पर पुराने शॉटर्स भी नए लुक में नजर आते है।
- अगर आपके पास कलरफुल लॉन्ग स्कर्ट है, तो उसके साथ शॉर्ट कुर्ती, टीशर्ट या लॉन्ग कुर्ते भी पहने जा सकते है।
- ए लाइन फुल लेंथ स्कर्ट पहले से है, तो उसके साथ लॉन्ग कुर्ते पहनें, हील्स पहनें। इससे हाइट अच्छी दिखगी।
- शॉर्ट स्कर्ट के साथ जैगिंग्स पहनना ट्रेंडी लुक देगा। साथ में एक्सेसरी के तौर पर स्कार्फ भी लें।

### वॉर्डरोब में इन बातों का रखें ख्याल

- पैंट, जींस के लिए मल्टीपर्पस 5 लेअर हैंगर का इस्तेमाल करें। यह वॉर्डरोब की जगब को कम घेरेगा और वॉर्डरोब संवरा दिखेगा।
- सॉक्स और अंडरगारमेंट्स आर्गेनाइजर भी वॉर्डरोब को क्लीन लुक देते हैं। इसमें ब्रा का ळभी सेक्शन होना चाहिए। सिंगल पैडेड ब्रा, स्पोर्ट्स, ब्रा, टीशर्ट ब्रा, रेगलुर यूज के लिए 5 से 6 अलग-अलग ब्रा रखें। आयरन की हुई शर्ट या कुर्ते हैंगर में लटकाने से अगर जगह ज्यादा घिरती है, तो उसके लिए शर्ट ऑर्गनाइजर अच्छा रहेगा।
- होम स्ट्रेप हैगिंग ज्वेलरी ऑर्गेनाइजर वॉर्डरोब के अंदर की ओर किसी हुक पर लगाएं। इस पर अपनी चंकी ज्वेलरी, ब्रेसलेट, नेक पीस जैसी चीजें टांग सकती हैं, जिससे जरूरत के समय सामने नजर आए।





क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## पाकिस्तान में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दो अफसरों समेत छह सैन्यकर्मी मारे गए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिणपश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में एक हेलीकॉप्टर हादसे में दो मेजर समेत पाकिस्तानी सेना के छह कर्मियों की मौत हो गई। सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिछले महीने इस प्रांत में सेना के एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद यह ऐसी दूसरी घटना है। सेना ने बताया कि रविवार रात प्रांत के हरनाई इलाके के खोस्त में एक उड़ान अभियान के दौरान यह हादसा हुआ। सेना ने कहा कि 'दो पायलट समेत हेलीकॉप्टर में सवार छह कर्मियों' की हादसे में मौत हो गई। दुर्घटना क्यों हुई, इसकी कोई वजह नहीं बताई गई है। यह दुर्घटना एक अगस्त को बलूचिस्तान में इसी तरह की घटना के एक महीने से अधिक समय बाद हुई है। उस दुर्घटना में एक लेफ्टिनेंट जनरल सहित हेलीकॉप्टर में सवार सभी छह कर्मियों की मौत हो गई थी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया इकाई इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार को कहा कि 39 वर्षीय मेजर खुर्रम शाहजाद (पायलट) और 30 वर्षीय मेजर मोहम्मद मुनीब अफजल (पायलट) इस हादसे में मारे गए लोगों में शामिल हैं। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि वह बेहद दुखी हैं और उनकीसंवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश को इस घटना का दुख है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेता फवाद चौधरी ने कहा कि देश में हेलीकॉप्टर उड़ाना खतरनाक होता जा रहा है और इन हादसों का 'अभियांत्रिकी मूल्यांकन卐 किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'कई दुर्घटनाएं...ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

## रूस के स्कूल में गोलीबारी, 6 बच्चों की मौत, हमलावर ने खुद को मारी गोली

कीव। मध्य रूस के एक स्कूल में सोमवार सुबह एक बंदूकधारी ने छह लोगों की हत्या कर दी और बच्चों सहित 20 अन्य को घायल कर दिया। स्कूल में कक्षा 1 से 11 तक के बच्चों को पढ़ाया जाता था। वर्नर और स्थानीय पुलिस के मुताबिक, बंदूकधारी ने खुद को गोली मार ली है। अधिकारी ने बताया कि स्कूल को खाली करा लिया गया है और उसके आसपास के इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। बंदूकधारी या उसके इरादों के बारे में कोई विवरण जारी नहीं किया गया है। इज़ेव्स्क, 640,000 का एक शहर, मध्य रूस में यूराल पहाड़ों के पश्चिम में मास्को से लगभग 960 किलोमीटर (596 मील) पूर्व में स्थित है। बता दें कि सुबह एक बंदकधारी ने स्कूल में हमला कर दिया था। उदमुर्तिया के गवर्नर अलेक्जेंद्र ब्रोचालोव ने एक वीडियो जारी करते बताया कि अज्ञात हमलावर क्षेत्र की राजधानी इझेवस्कर क्षेत्र की राजधानी स्थित एक स्कूल में घुसा, उसने एक सुरक्षाकर्मी और यहां मौजूद कुछ बच्चों की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि पीड़ितों में बच्चे शामि हैं। लोग घायल भी हुए हैं।

## लंदन में पाकिस्तान की मंत्री ने करवा ली बेइज्जती, कॉफी शॉप में देखते ही 'चोरनी-चोरनी' चिल्लाने लगे लोग

लंदन । पाकिस्तान की राजनीति में इस समय काफी अजीब सा दौर चल रहा हैं। जहां एक तरह हाई कमान यानी की पाकिस्तान के प्रधानमंत्री सहित अन्य नेताओं का प्राइवेट ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर लीक कर दिया गया है, जो पाकिस्तान की सुरक्षा और इंटेलीजेंस पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। अब एक और मामला सामने आया है जहां पाकिस्तान की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब को काफी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। दरअसल पाकिस्तान की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब लंदन के एक कॉफी शॉप में गयी थी। वहीं कॉफी शॉप के बाहर कई सारे प्रवासी पाकिस्तानियों ने उन्हें घेर लिया और मरियम के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। लोगों ने मरियम को देखते ही चोरनी-चोरनी कहना शुरू कर दिया। इसके अलावा भी कई तरह को नारे मरियम के खिलाफ लगाए जा रहे थे। माहौल काफी खराब हो गया और मरियम औरंगजेब को दूसरे मुल्क में उन्हीं के लोगों ने बेइज्जत कर दिया। लगातार नारेबाजी के दौरान मरियम औरंगजेब ने किसी के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया न ही किसी नारे पर उन्होंने अपनी कोई प्रतिक्रिया दी वह वहां खड़ी होकर सब कुछ अपने आंखों से देखती रही और फोन में बिजी होने की एक्टिंग करती रही।

## इमरान खान ने कहा कि शाहबाज के नेतृत्व वाली सरकार भारत के साथ व्यापार संबंध फिर से शुरू करना चाहती है

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार ने 2019 में भारत द्वारा जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद भारत के साथ व्यापारिक संबंध तोड़ लिये थे, लेकिन शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार फिर से यह शुरू करना चाहती है। खैबर पख्तूनख्वा के कराक में एक रैली को संबोधित करते हुए खान (69) ने कहा कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ''सच बोलने में असमर्थ'' हैं। खान ने मरियम पर भाई-भतीजावाद को राष्ट्रीय हितों से ऊपर रखने का आरोप लगाया। पूर्व प्रधानमंत्री ने लीक हुए एक ऑडियो का हवाला देते हुए कहा, ''मरियम अपने रिश्तेदार के लिए भारत से बिजली संयंत्र मशीनरी आयात करना चाहती हैं।'' ऑडियो में प्रधानमंत्री शरीफ से कथित तौर पर कहा जा रहा है कि मरियम के रिश्तेदार भारत से बिजली संयंत्र आयात करना चाहते हैं। इमरान खान ने कहा, ''हमारी सरकार ने भारत के साथ व्यापार बंद कर दिया था क्योंकि उसने......जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर दिया था।'' साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा ''आयातित शासक'' पाकिस्तान की अखंडता और एकजुटता की कीमत पर भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से शुरू करना चाहते हैं। हाल के हफ्तों में, कई कारोबारी संगठनों ने सरकार से उपभोक्ताओं की खातिर भारत से प्याज और टमाटर जैसी आवश्यक वस्तुओं का आयात करने का आग्रह किया है, क्योंकि देश में भीषण बाढ़ के बाद सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। क्रिकेटर से नेता बने इमरान ने कहा कि इस बार वास्तविक आजादी प्राप्त करने के अपने संघर्ष में वह 'एक गेंद से तीन विकेट लेंगे।' उन्होंने दावा किया कि वास्तविक आजादी के लिए उनके संघर्ष के पीछे पूरा देश खड़ा है।

## ईरान में हिजाब को लेकर जारी प्रदर्शन में 50 महिलाओं की मौत

तेहरान ।ईरान में हिजाब को लेकर हिरासत में ली गई छात्रा महसा अमिनी की मौत के 10 दिन बीत जाने के बाद भी हालात काबू में नहीं आ सके हैं। पुलिस की बर्बरता से हुई 20 साल युवती की मौत ने प्रदर्शनों की आग को और भड़का दिया है। पुलिस की गोलीबारी का शिकार हुई युवती की पहचान हदीस नजफी के रूप में हुई, महिला ने प्रदर्शन के दौरान हिजाब नहीं पहना हुआ था। युवती की बहन ने अमेरिकी कार्यकर्ता को बताया कि सुरक्षा बलों की गोली लगने से उसकी मौत हो गई। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक युवती के सिर और गर्दन में 6 गोलियां मारी गई थीं। नजफी की गोली लगने के बाद की फोटो सोशल मीडिया पर दिन भर वायरल होती रही। हिजाब के विरुद्ध लोगों में बढ़ रहे असंतोष के बाद भड़के प्रदर्शनों को रोकने के लिए पुलिस भारी बल का प्रयोग कर रही है। ईरान में जगह-जगह हो रहे हिजाब विरोधी प्रदर्शनों में कई महिलाएं हिजाब को आग लगाती हुई दिख रही हैं। इससे भड़की पुलिस लगातार प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस छोड़ कर फायरिंग कर रही है। अब तक इन प्रदर्शनों में 41 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हालांकि कई स्वतंत्र संस्थाओं का अनुमान है कि पुलिस की गोलीबारी में कम से कम 50 लोग मारे जा चुके हैं। इन प्रदर्शनों में हदीस नजफी, गजाला चेलावी, हनाना किया और माहशा मोगोई की मौत सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी रही। ईरान ने देश में हो रहे प्रदर्शनों पर लोगों का साथ देने के लिए नॉर्वे के राजदूत को उनकी संसद के अध्यक्ष मसूद घराहखानी की टिप्पणी के लिए समन भेजा है।

## कमला हैरिस को एशिया यात्रा के दौरान कुछ विवादों का सामना करना पड़ सकता है

न्यूयॉर्क। अमेरिका की ओर से किसी के अंतिम संस्कार में शामिल होना उपराष्ट्रपति के लिए एक सरल बात है, लेकिन जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के अंत्येष्टि समारोह में शामिल होने के लिए एशिया की यात्रा के दौरान कमला हैरिस को लगभग हर मोड़ पर विवादों का सामना करना पड़ेगा। ताइवान को चीनी आक्रमण से बचाने के लिए राष्ट्रपति जो. बाइडन द्वारा सैनिक भेजे जाने के मुद्दे पर मिश्रित संदेशों के बाद अमेरिका के सहयोगी इस पर स्पष्टता की मांग कर रहे हैं। उत्तर कोरिया की ओर से और अधिक उकसावे की संभावना है, जिसने रविवार को वाशिंगटन से हैरिस के प्रस्थान से कुछ समय पहले मिसाइल का परीक्षण किया। इस बीच, दक्षिण कोरिया और जापान एक सुलह की ओर बढ़ रहे हैं, जो द्वितीय विश्व युद्ध से मिली नकारात्मक चीजों को ठीक करने का काम करेगा। वहां एक नए अमेरिकी कानून पर नाराजगी है, जो उत्तरी अमेरिका के बाहर निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों को सब्सिडी के लिए अयोग्य ठहराता है।



मरियापोल में समुद्री तूफान नोरु के आने के बाद बाढ़ के पानी के बीच से निकलते हुए लोग।

## यूक्रेन में परमाणु हमले की आशंका पर अमेरिका ने रूस को दी निर्णायक कार्रवाई की चेतावनी

**कीव।** यूक्रेनी बंदरगाह ओडेसा के पास हुए ड्रोन अटैक से वहां शक्तिशाली विस्फोट से भीषण आग लग गई। सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी। वहीं अमेरिका ने रूस के यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने पर निर्णायक कार्रवाई करने का संकल्प जताया है। यूक्रेनी सेना की दक्षिणी कमान ने एक बयान में बताया कि प्रमुख दक्षिणी शहर में हाल ही में कई ड्रोन हमले किए गए हैं। बीती रात एक सैन्य प्रतिष्ठान पर हमला किया गया, जिससे वहां गोला-बारूद में विस्फोट हुआ। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे है। इस बात को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई हैं कि रूस अपने नियंत्रण वाले यूक्रेन के कुछ हिस्सों में जनमत संग्रह कराने के बाद संघर्ष को आगे बढ़ाने की कोशिश कर सकता है। यूक्रेन और पश्चिमी देशों ने इस जनमत संग्रह को अवैध बताया है। इसके मंगलवार को सम्पन्न होने की उम्मीद है। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने स्पष्ट किया कि रूस के इस संघर्ष में परमाणु हथियारों का उपयोग करने पर उसे इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा, 'अगर रूस ने हद पार की तो उसे इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी। अमेरिका इसके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेगा।' उन्होंने विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि अमेरिका अपने रूसी समकक्षों तक निजी तौर पर अपना संदेश पहुंचाएगा।


## सीपीसी के अधिवेशन के लिए प्रतिनिधियों का 'निर्वाचन' चिनफिंग के निर्देशों के अनुरूप

**बीजिंग (एजेंसी)।**

चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) ने रविवार को घोषणा की कि पार्टी की पांच साल में एक बार आयोजित होने वाली महत्वपूर्ण कांग्रेस (अधिवेशन) के लिए करीब 2300 प्रतिनिधियों का 'निर्वाचन' कर लिया गया है। इसके साथ ही अगले माह आयोजित होने वाले पार्टी कांग्रेस की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। इस कांग्रेस में राष्ट्रपति शी चिनफिंग को रिकॉर्ड तीसरे कार्यकाल के लिए व्यापक समर्थन मिलने की उम्मीद है।

आधिकारिक मीडिया ने यहां पार्टी के एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि 16 अक्टूबर को होने वाली सीपीसी की आगामी 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस में भाग लेने के लिए कुल 2,296 प्रतिनिधियों को 'निर्वाचित' किया गया है। अभूतपूर्व तीसरे कार्यकाल के लिए चिनफिंग के निर्वाचन को लेकर सत्तारूढ़ सीपीसी के भीतर तनाव की अफवाहों और अटकलों को खारिज करते हुए बयान में कहा गया है कि प्रतिनिधियों का चयन 'नये युग के लिए चीनी विशेषताओं वाले समाजवाद को लेकर चिनफिंग के विचारों के तहत' तथा पार्टी के संविधान के अनुसार किया गया है।

बयान के अनुसार, इसके लिए सीपीसी की केंद्रीय समिति की ओर से आवश्यक तौर-तरीकों का पालन किया गया है। पार्टी की पहले



की घोषणा के अनुसार, चिनफिंग (69) खुद भी इस साल अप्रैल में कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में 'निर्वाचित' हुए थे। बयान में कहा गया है कि इस प्रक्रिया ने पार्टी की प्रकृति और उद्देश्य को बरकरार रखा है और पार्टी के समग्र नेतृत्व को बढ़ावा तथा आंतरिक लोकतंत्र को मूर्त रूप दिया है। इस कांग्रेस में चिनफिंग को अभूतपूर्व तीसरे कार्यकाल के लिए समर्थन मिलने की उम्मीद है।

इसका आयोजन शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के बीच किया जा रहा है, जिन्हें चीनी राष्ट्रपति के विरोध में एक 'राजनीतिक गुट' का हिस्सा कहा जाता था। भ्रष्टाचार के आरोप के तहत इस सप्ताह तीन सुरक्षा अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई गई है, लेकिन यह सजा दो साल तक फिलहाल स्थगित रहेगी। कांग्रेस के आयोजन से पहले मृत्युदंड की घोषणा में अचानक वृद्धि को लेकर भौंहें तननी शुरू हो गयी हैं।

सार्वजनिक सुरक्षा के पूर्व उप मंत्री सन लिजुन को रिश्वत लेने, शेयर बाजार में हेरफेर करने और अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने के लिए शुक्रवार को उत्तर-पूर्व चीन के जिलिन प्रांत में इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट ऑफ चांगचुन द्वारा दो साल की छूट के साथ मौत की सजा सुनाई गई थी। इससे एक दिन पहले इसी अदालत ने पूर्व न्याय मंत्री और चीन के सबसे शक्तिशाली पुलिस प्रमुखों में से एक फू झेंगहुआ को 1.73 करोड़ अमेरिकी डॉलर के भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग में लिप्त होने के लिए मौत की सजा सुनाई थी।

फिलहाल यह सजा दो साल तक स्थगित रहेगी। चंद घंटों बाद, उसी अदालत ने जिआंगसू के पूर्व अधिकारी वांग लाइक को भी इसी तरह की सजा दी। आधिकारिक मीडिया ने यहां बताया कि उन्हें रिश्वतखोरी, आपराधिक गिरोहों से साठगांठ और फर्जी पहचान पत्र के लिए दो साल के विलंब के साथ मौत की सजा सुनाई गई थी। वर्ष 2012 में सत्ता में आने के बाद से, चिनफिंग ने एक चौंकाने वाला भ्रष्टाचार विरोधी अभियान चलाया है, जिसमें दर्जनों शीर्ष सैन्य अधिकारियों सहित 10 लाख से अधिक अधिकारियों को दंडित किया गया है।


## जापान में आबे की राजकीय अंत्येष्टि से पहले प्रधानमंत्री किशिदा ने शुरू की कूटनीतिक बैठकें

**तो यो।(एजेंसी)।**

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की विवादित राजकीय अंत्येष्टि से एक दिन पहले सोमवार को अन्य देशों के नेताओं के साथ सिलसिलेवार बैठकें कीं। 'यूनीफिकेशन चर्च' के साथ सत्तारूढ़ दल लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के करीबी संबंधों पर सवाल उठाये जाने और विश्व युद्ध से पूर्व के जापानी साम्राज्यवाद से जुड़े राजकीय कार्यक्रम पर आपत्ति जताये जाने के बीच, आबे की मंगलवार की राजकीय अंत्येष्टि के लिए जोर देने को लेकर किशिदा की आलोचना की जा रही है। आबे की जुलाई में हत्या कर दी गई थी।

उल्लेखनीय है कि 'यूनीफिकेशन चर्च' पर अपने अनुयायियों की मान्यताओं को प्रभावित करने का आरोप है। किशिदा ने कहा कि यह कार्यक्रम जापान के आधुनिक राजनीतिक इतिहास में सबसे लंबे समय तक पद पर रहे प्रधानमंत्री (आबे) के लिए उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें एक ऐसे समय में आगंतुक विदेशी नेताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलने और संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी, जब जापान उत्तरपूर्व एशिया और विश्व में चीन तथा उत्तर कोरिया की बढ़ती सैन्य गतिविधियों का सामना कर रहा है। आनन-फानन में बैठकों की योजना बनाये जाने के बाद, किशिदा तोक्यो में अगले कुछ दिनों में करीब 40 विदेशी नेताओं के साथ वार्ता करने वाले हैं। सोमवार को, किशिदा अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मिलने वाले हैं और उनके साथ राजकीय रात्रिभोज में भी शामिल होंगे। इससे पहले, वियतनामी राष्ट्रपति नग्येन शुआन फुक से, फिलीपीन की उप राष्ट्रपति सारा दुतेर्ते और करीब 10 अन्य विदेशी नेताओं से मुलाकात करने की उनकी योजना है। मंगलवार को, वह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ वार्ता करने वाले हैं। चीन पूर्व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री वान गांग को जापान भेज रहा है। पिछले हफ्ते लंदन में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की राजकीय अंत्येष्टि में शामिल हुए जी-7 देशों के अन्य नेता आबे की अंत्येष्टि में शामिल नहीं होंगे।

## अमेरिका, सहयोगी देशों का शिंजियांग में मानवाधिकार हनन पर चर्चा कराने का प्रस्ताव



**जिनेवा।(एजेंसी)।**

अमेरिका और उसके कई पश्चिमी सहयोगी देशों ने चीन के शिंजियांग क्षेत्र में उइगर और अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों के कथित हनन को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में विशेष चर्चा कराने के लिए सोमवार को एक प्रस्ताव पेश किया। ब्रिटेन, कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नार्वे और स्वीडन सहित अन्य देशों के एक समूह ने परिषद में एक मसौदा प्रस्ताव पेश किया है, जिसके जरिये 2023 की शुरूआत में होने वाले इसके अगले सत्र में शिंजियांग में चर्चा कराने का अनुरोध किया गया है।


यह ताइवान के भविष्य जैसे मुद्दों को लेकर हालिया तनाव के मद्देनजर पश्चिमी देशों और बीजिंग के बीच नया भू-राजनीतिक घटनाक्रम है। प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाने पर ऐसा पहली बार होगा कि चीन में मानवाधिकार से जुड़े मुद्दे को परिषद के एजेंडे में औपचारिक रूप से शामिल किया जाएगा। परिषद के 47 सदस्य हैं। इसका मुख्यालय जिनेवा में है। यहां राजनयिक सात अक्टूबर को परिषद के मौजूदा सत्र का समापन होने से पहले शिंजियांग पर प्रस्ताव पारित कराने की संभावना तलाश रहे हैं।

## बांग्लादेश में हिंदू श्रद्धालुओं को मंदिर ले जा रही नौका पलटी, अब तक 39 की मौत

**ढाका। (एजेंसी)।**

पश्चिमोत्तर बांग्लादेश में रविवार को एक नौका पलटने से जान गंवाने वालों की संख्या सोमवार को बढ़ कर 39 हो गई। मृतकों में ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं। रविवार को दुर्गा पूजा उत्सव से पूर्व महालया के मौके पर हिंदू श्रद्धालु बोदेश्वरी मंदिर की ओर जा रहे थे, तभी देश के उत्तर-पश्चिमी पंचगढ़ जिले में कोरोटो नदी में, उन्हें ले जा रही नौका पलट गई। दमकल सेवा के एक अधिकारी ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा, हमारे बचाव दल ने रात भर में नौ और शव बरामद किए...हालांकि, तलाश अभी भी जारी है।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि दिनाजपुर में एक नदी में कुछ शव मिले...शव कथित तौर पर तेज धारा के कारण बहाव के साथ आगे बह गए थे। बीडीन्यूज24 डॉटकॉम की खबर के अनुसार, पंचगढ़ के अतिरिक्त उपायुक्त (राजस्व) दीपांकर रॉय ने बताया कि अब तक कुल 39 शव बरामद किए गए हैं। इनमें 11 बच्चे, 21 महिलाएं और सात पुरुष शामिल हैं। मीडिया की खबरों में यात्रियों के रिश्तेदारों के हवाले से कहा गया है कि लगभग 58 यात्री लापता हैं, जबकि अधिकारियों ने पहले कहा था कि नाव में 80 यात्री सवार थे। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने जांच निकाय प्रमुख रॉय के हवाले से कहा, शुरुआती जांच के मुताबिक, नाव में क्षमता से अधिक लोग सवार थे।



अखबार के अनुसार, हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि नाव के डूबने के पीछे अन्य कारण भी हो सकते हैं, लेकिन इसका खुलासा समिति द्वारा अपनी जांच पूरी करने के बाद किया जाएगा। उप-जिले के प्रशासनिक प्रमुख सोलेमान अली ने कहा, नाविक ने कुछ लोगों को, नाव में वजन को कम करने के लिए उतरने को कहा था, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि नाव में 150 से अधिक यात्री सवार थे। कुछ लोग तैरकर नदी के किनारे वापस चले गये, लेकिन कई अभी भी लापता हैं। रॉय ने कहा कि पंचगढ़ में दमकल सेवा तलाशी अभियान का नेतृत्व कर रही है।

## पाकिस्तान को एफ-16 पैकेज दिए जाने पर पर एस जयशंकर का अमेरिका को दो टूक, आप किसी को मूर्ख नहीं बना सकते

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।**

पाकिस्तान में शहबाज शरीफ की सत्ता आने के बाद अमेरिका से उसके रिश्ते सुधरते हुए दिखाई दे रहे हैं। तभी तो अमेरिका की ओर से पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमान के 45 करोड़ डॉलर की पैकेज को मंजूरी दे दी गई। हालांकि, अमेरिका के इस कदम की भारत ने आलोचना की थी। वहीं, अमेरिका ने बचाव में कहा था कि एफ-16 विमानों के रखरखाव के लिए पैकेज को मंजूरी दी गई है। अब अमेरिका के इस इस तर्क पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दो टूक बात कही है। विदेश मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि हर कोई जानता है कि एफ-16 का कहां और किसके खिलाफ इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि आप इस प्रकार की बातें कहकर किसी को भी मूर्ख नहीं बना सकते।

गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता देने पर रोक लगा दी थी। हालांकि, वर्तमान में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने उसे बदलते हुए 8 सितंबर को पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के वास्ते 45 करोड़ डॉलर की मदद देने की मंजूरी की थी। वहीं, पाकिस्तान अमेरिका संबंध पर एस जयशंकर ने कहा कि ईमानदारी से कहूं, तो इस संबंध से न तो पाकिस्तान को कोई फायदा हुआ है और न ही इससे अमेरिका के हितों को पूरा करने में मदद मिली है, इसलिए अब अमेरिका को वास्तव में यह सोचना चाहिए कि इस संबंध का फायदा क्या है और इससे उन्हें क्या मिल रहा है।

अमेरिका की ओर से यह भी दलील दिया गया था कि इससे पाकिस्तान को वर्तमान तथा भविष्य में आतंकवाद के खतरों से निपटने की क्षमता बनाए रखने में मदद मिलेगी। वहीं, अमेरिका के इस कदम पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी वहां के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। राजनाथ सिंह ने अमेरिका के इस कदम पर अपनी चिंता भी व्यक्त की थी। कुल मिलाकर देखें तो वर्तमान में अमेरिका के रिश्ते पाकिस्तान से सुधारते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह कहीं ना कहीं भारत के लिए चिंता की बात हो सकती हैं।



## सार समाचार

### भारतीय नौसेना का गौरव आईएनएस सुनयना संयुक्त समुद्री बलों के प्रशिक्षण अभ्यास के लिए सेशेल्स पहुंचा

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना का गौरव आईएनएस सुनयना संयुक्त समुद्री बलों (सीएमएफ) के वार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास 'ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस' में हिस्सा लेने के लिए सेशेल्स पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। पोत 24 सितंबर को सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया में दाखिल हुआ था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'यह न केवल हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है बल्कि सीएमएफ अभ्यास में भारतीय नौसेना के जहाज की पहली भागीदारी को भी दर्शाता है।' मंत्रालय ने कहा कि यह सीएमएफ के वार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास 'ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस' में भाग लेगा। बयान में कहा गया है कि संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास में अमेरिका, इटली, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड के प्रतिनिधिमंडल और ब्रिटेन, स्पेन और भारत के पोत हिस्सा लेंगे।

### केजरीवाल ने अपने आवास पर गुजरात के सफाई कर्मचारी के परिवार की मेजबानी की

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को यहां अपने आवास पर गुजरात के एक सफाई कर्मचारी और उसके परिवार की दोपहर के भोजन पर मेजबानी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुजरात के सफाई कर्मचारी हर्ष सोलंकी ने अपने परिवार के साथ दिल्ली के एक सरकारी स्कूल और एक अस्पताल का भी दौरा किया। अधिकारियों ने कहा कि सोलंकी ने केजरीवाल को बी.आर. आंबेडकर की एक तस्वीर भी भेंट की। अहमदाबाद में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा सफाईकर्मियों के साथ आयोजित 'टाउन हॉल' कार्यक्रम के दौरान दलित समुदाय से संबंध रखने वाले सोलंकी ने केजरीवाल को रात के भोजन पर अपने घर आने का न्योता दिया था। वहीं, केजरीवाल ने सोलंकी और उसके परिवार को दिल्ली स्थित अपने आवास पर दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया था। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने रविवार को कहा था, '' कल (सोमवार) मैं सोलंकी जी की अपने दिल्ली स्थित आवास पर मेजबानी करूंगा और उनके साथ दोपहर का भोजन करूंगा। मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि उन्होंने मेरा निमंत्रण स्वीकार किया।

### फर्जी कॉल सेंटर के जरिये लोगों को ठगने वाले चार आरोपी बरेली से गिरफ्तार: दिल्ली पुलिस

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बरेली से चार लोगों को गिरफ्तार किया है जिनके खिलाफ नौकरी देने के बहाने फर्जी कॉल सेंटर के जरिये एक हजार से अधिक लोगों के साथ ठगी करने का आरोप है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरोपियों की पहचान प्रांशु (27) हिमांशु (20), पंकज पांडे (27) और दीपक कुमार (28) के तौर पर हुई है। प्रांशु और हिमांशु उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के निवासी हैं जबकि पंकज फरीदाबाद का और दीपक यहां बदरपुर का रहने वाला है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, एक महिला ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 2,76,072 लाख रुपये की ठगी की। अधिकारी ने बताया कि उसने (शिकायतकर्ता ने) नौकरी के लिये आवेदन किया था और उसे तीन नंबरों से एक कंपनी के मानव संसाधन (एचआर) विभाग में प्रबंधक के पद के लिये नौकरी की पेशकश की गई। पुलिस ने कहा कि भुगतान के बाद उक्त कंपनी के लेटरहेड पर शिकायतकर्ता युवती को फर्जी नियुक्ति प्रमाण-पत्र भेजा गया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि बरेली से एक फर्जी कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के बैंक खाते के विवरण और कॉल डिटेल रिकॉर्ड से पता चला कि उन लोगों द्वारा कई लोगों को ठगा गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने कहा कि पुलिस का एक दल बरेली के बसंत विहार गया। वहां छापा मारकर चार आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि आरोपियों ने विभिन्न कंपनियों में नौकरी लगवाने का झूठा आश्वासन देकर एक हजार से ज्यादा लोगों के साथ धोखाधड़ी की।

### मां का सवाल अंकिता के अंतिम संस्कार की इतनी जल्दी क्यों थी प्रशासन को

देहरादून । अंकिता भंडारी की मां ने प्रशासन से सवाल किया हैं कि उनकी बेटी के अंतिम संस्कार की आखिर इतनी जल्दी क्यों की गई? मां ने कहा कि अंतिम संस्कार से पहले वह एक बार अपनी बेटी को देखना चाहती थीं। मां ने बताया कि तबीयत खराब होने की वजह से अस्पताल में भर्ती थीं, और प्रशासन ने उन्हें बिना बताए उनकी बिटिया का जल्दबाजी में अंतिम संस्कार कर दिया। मां का आरोप है कि प्रशासन ने उन्हें धोखे में रखकर बिटिया का अंतिम संस्कार कर दिया। मां कहती हैं कि देश की सभी बेटियां सुरक्षित रहनी चाहिए और अंकिता के हत्यारोपियों को सख्त से सख्त सजा होनी चाहिए। परिजनों का आरोप है कि अंकिता के पिता पर प्रशासन द्वारा अंतिम संस्कार करने को दबाव बनाया गया। प्रशासन द्वारा समझाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार को तैयार हो गए थे और प्रदर्शनकारियों द्वारा ही अंकिता के शव को घाट ले जाया गया, जहां पर उसका अंतिम संस्कार हुआ। मालूम हो कि एम्स ऋषिकेश में अंकिता का पोस्टमार्टम होने के बाद शव को शनिवार देर रात श्रीनगर लाया गया था। रविवार को अंकिता के परिजनों और प्रदर्शनकारियों ने अंकिता के हत्यारोपियों को कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग को लेकर विरोध प्रर्दशन कर बदरीनाथ हाईवे जाम कर दिया था।

### आकाश से नजर: दिल्ली पुलिस ने ड्रोन से की सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाकों के छतों की जांच

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राजधानी दिल्ली में आतंकवाद विरोधी तंत्र को और मजबूत करने के लिए उत्तरी दिल्ली में कुछ संभावित सांप्रदायिक हॉटस्पॉट का हवाई सर्वेक्षण किया। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी जिला) सागर सिंह कलसी ने कहा कि वजीराबाद थाना प्रभारी और बुराड़ी के एसएचओ ने आज अपने-अपने थाना क्षेत्रों के संभावित सांप्रदायिक हॉटस्पॉट की छत की जांच और सफाई अभियान चलाया। पुलिस ने इलाके को स्कैन करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया और छतों के फुटेज भी साझा किए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य यह भी जांचना है कि कहीं छत पर कोई आपत्तिजनक सामग्री (पत्थर, बोतल, प्रक्षेप्य) तो नहीं है नहीं तो उसकी सफाई कराकर मकान मालिक पर कार्रवाई की जाती। कलसी ने आगे कहा कि अमन समिति के सदस्य उनके साथ थे और पूरे अभियान की विधिवत वीडियोग्राफी की गई। उत्तर पश्चिमी दिल्ली में 16 अप्रैल को में शहर के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जयंती के जुलूस के दौरान सांप्रदायिक झड़पों के दौरान, यह पाया गया था कि कुछ लोगों ने सड़क पर पथराव करने के लिए छतों का उपयोग करने की कोशिश की थी। जिससे शायद पुलिस को इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए आसमान से नजर रखने के लिए मजबूर होना पड़ा। पुलिस की चार्जशीट में कहा गया है कि जहांगीरपुरी में दंगों से पहले बोरियों में बोतलें रखी गईं थीं।

### दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचा, निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात

नयी दिल्ली। दिल्ली में भारी बारिश के बाद सोमवार को यमुना का जलस्तर 204.5 मीटर के चेतावनी के स्तर से ऊपर पहुंच गया और अगले दो दिन में इसके और बढ़ने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली बाढ़ नियंत्रण कक्ष ने कहा कि जलस्तर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक बजे चेतावनी के स्तर को पार कर गया और सुबह आठ बजे तक यह बढ़कर 204.7 मीटर पर पहुंच गया है। नियंत्रण कक्ष ने हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से सुबह 6 बजे 2,95,212 क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना दी है, जो इस मॉनसून सीजन में अब तक सबसे अधिक है।सुबह 7 बजे प्रवाह दर 2,57,970 थी। एक क्यूसेक 28.32 लीटर प्रति सेकेंड के बराबर होता है। आम तौर पर हथिनीकुंड बैराज में प्रवाह दर 352 क्यूसेक होती है, लेकिन भारी बारिश के बाद जलग्रहण क्षेत्रों में पानी का बहाव बढ़ जाता है। बैराज से छोड़े गए पानी को राष्ट्रीय राजधानी तक पहुंचने में आमतौर पर दो से तीन दिन लगते हैं। प्रशासन ने अभी बाढ़ की चेतावनी जारी नहीं की है। पूर्वी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट अनिल बंका ने कहा कि नदी के आसपास के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को जल स्तर में और वृद्धि होने के बारे में सावधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ﬁजलस्तर के बुधवार तक 206 मीटर तक पहुंचने का अनुमान है। 205.3 मीटर के खतरे के निशान को पार करने पर बाढ़ की चेतावनी जारी की जाएगी।ﬂ उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ उत्तरी हिस्सों में पिछले कुछ दिन से लगातार बारिश हो रही है। यमुना नदी प्रणाली के जलग्रहण क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और दिल्ली के कुछ हिस्से शामिल हैं। दिल्ली में नदी के आसपास के निचले इलाकों के बाढ़ की चपेट में आने की आशंका रहती है। इन इलाकों में लगभग 37,000 लोग रहते हैं।

# 2024 तक जेपी नड्डा ही संभालेंगे भाजपा की कमान, नए अध्यक्ष के लिए नहीं होगा चुनाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**




एक ओर जहा कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज है। तो वहीं, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी कार्यकाल 2023 में खत्म हो रहा है। ऐसे में सवाल यही है कि भाजपा का अगला अध्यक्ष कौन होगा? सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक जेपी नड्डा का कार्यकाल 2024 तक बढ़ा दिया जाएगा। जेपी नड्डा ने 20 जनवरी 2020 को भाजपा अध्यक्ष पद की कमान संभाली थी। इस हिसाब से देखें तो उनका कार्यकाल 20 जनवरी 2023 को पूरा हो रहा है। 2024 चुनाव को ध्यान में रखते हुए उनके कार्यकाल को बढ़ाया जा सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले जेपी नड्डा भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष भी रह चुके हैं। जेपी नड्डा मोदी सरकार पार्ट 1 में केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं।

हालांकि, इससे पहले के अध्यक्ष यानी कि राजनाथ सिंह, अमित शाह को भी चुनाव से पहले एक्सटेंशन मिला था। इन दोनों के हाथों में भी भाजपा की कमान रह चुकी है। बात जेपी नड्डा की करें तो वह काफी साफ छवि के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा उनकी आरएसएस में भी पकड़ मजबूत है। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में जेपी नड्डा का अपना कद है। इसके अलावा संगठन में भी उनका काम बेहतरीन रहा है। 2012 में पहली बार उन्हें राज्यसभा का सदस्य बनाया गया। बाद में मोदी सरकार ने उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय जैसे बड़े मंत्रालय की जिम्मेदारी देखी। वर्तमान में देखें तो जेपी नड्डा 2024 चुनाव को लेकर अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं।

जेपी नड्डा विपक्षी दलों पर जबरदस्त तरीके से हमलावर रहते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि जेपी नड्डा की इंग्लिश और हिंदी दोनों में पकड़ बेहद मजबूत है। जेपी नड्डा के अध्यक्ष रहते भाजपा ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, असम जैसे राज्यों में जीत हासिल की है। इसके अलावा बिहार में भी गठबंधन में रहते हुए भाजपा को जीत मिली थी। जेपी नड्डा की अध्यक्षता में भाजपा ने पश्चिम बंगाल में अच्छा प्रदर्शन किया। उसने विधानसभा में दूसरे नंबर की पार्टी बनने में सफलता हासिल की। जेपी नड्डा अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी करीबी बताए जाते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने राजीव गांधी हत्याकांड केस में नलिनी की याचिका पर केंद्र, तमिलनाडु सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रही नलिनी श्रीहरन की समय से पहले रिहाई की मांग से जुड़ी याचिका पर सोमवार को केंद्र और तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने केंद्र और तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी करते हुए याचिका पर उनका जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने मामले में दोषी ठहराए गए आरपी रविचंद्रन की याचिका पर भी नोटिस जारी किए।

नलिनी ने मद्रास उच्च न्यायालय के 17 जून के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें समय पूर्व रिहाई के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया गया था और दोषी ठहराए गए एजी पेरारीवलन की रिहाई को लेकर उच्चतम न्यायालय के आदेश का उल्लेख किया था। उच्च न्यायालय ने 17 जून को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड में दोषी श्रीहरन और रविचंद्रन की याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिसमें राज्य के राज्यपाल की सहमति के बिना उनकी रिहाई का आदेश दिया गया था।

हाई कोर्ट ने उनकी याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि उच्च न्यायालयों के पास संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत ऐसा करने की शक्ति नहीं है। उच्चतम न्यायालय के पास अनुच्छेद 142 के तहत विशेष शक्ति है। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्ति का इस्तेमाल करते हुए शीर्ष अदालत ने 18 मई को पेरारिवलन को रिहा करने का आदेश दिया था। पेरारिवलन जेल में 30 साल से ज्यादा की सजा काट चुके थे।

# भारत ऐसी स्थिति आया, जहां उसकी बात सुने बिना कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लिया जा सकता

## -गुजरात में बोले अमित शाह

**अहमदाबाद (एजेंसी)।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार से गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। जहां वह अहमदाबाद जिले में एक किसान सम्मेलन सहित कई कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नरेंद्र भाई ने पिछले आठ वर्षों में किसानों की आय को दोगुना करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम लागू किए हैं। पीएम मोदी भारत को ऐसी स्थिति में ले गए हैं जहां भारत की बात सुने बिना कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लिया जा सकता। पीएम के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य और चिकित्सा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर दे रही है। देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 2013-14 में 387 से बढ़कर 2022 में 596 हो गई है।

अमित शाह ने कहा कि सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के समय भारत विश्व में 11वें स्थान पर था। नरेंद्र मोदी पीएम बनने के बाद इसे 5वें स्थान पर लाए। कांग्रेस 11वें से 12वें स्थान पर लाई थी...पीएम मोदी देश को ऐसी स्थिति में लाए जहां भारत की बात सुने बिना कोई बड़ा फैसला नहीं हो सकता। बिहार व झारखंड में नक्सल गतिविधियां आने वाले तीन साल में पूरी तरह समाप्त हो जायेंगी। कांग्रेस और भाजपा के शासनकाल की तुलना करें, तो नक्सली घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी आयी है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 26 सितंबर को गुजरात के अहमदाबाद शहर के पास एक फ्लाईओवर और एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। गुजरात सरकार की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (AUDA) ने रिंग रोड के व्यस्त भदज सर्कल पर यातायात की भीड़ को कम करने के लिए 73 करोड़ रुपये की लागत से छह लेन के इस फ्लाईओवर का निर्माण किया।

# शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिये जापान रवाना होंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को जापान की यात्रा पर रवाना हो रहे हैं जहां वे 27 सितंबर को पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में हिस्सा लेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने यह जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि करीब 12 से 16 घंटे की इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ मुलाकात और द्विपक्षीय बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अब से कुछ ही घंटे बाद जापान के लिये रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि मोदी इस यात्रा के दौरान श्रीमती आबे से मिलेंगे और निजी तौर पर शोक प्रकट करेंगे। ज्ञात हो कि जापान के सबसे अधिक समय तक प्रधानमंत्री रहे शिंजो आबे की आठ जुलाई को देश के पश्चिमी इलाके में चुनावी कार्यक्रम के दौरान एक हमलावर ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। क्वात्रा ने बताया कि जापान के प्रधानमंत्री किशिदा ने इस वर्ष मार्च में भारत की यात्रा की थी और प्रधानमंत्री मोदी मई में क्वाड की बैठक में हिस्सा लेने वहां गए थे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मनायी जा रही है, और ऐसे में दोनों नेताओं को अपने विशेष सामरिक गठजोड़ को और प्रगाढ़ बनाने को लेकर बातचीत करने का अवसर मिलेगा। विदेश सचिव ने कहा कि भारत और जापान के संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं और दोनों देशों के बीच कारोबार एवं निवेश, रक्षा एवं सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, आधारभूत ढांचा, औद्योगिक विकास, मानव संसाधन के क्षेत्र में करीबी सहयोग है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और जापानी प्रधानमंत्री के बीच संक्षिप्त द्विपक्षीय बैठक होगी जिसमें दोनों पक्षों से संबंधित लोग मौजूद होंगे।

# तेजस फाइटर जेट के दीवाने कई देश वायुसेना और निर्यात के लिए तेज होगा उत्पादन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

तेजस लाइट कॉन्बैट एयरक्राफ्ट ना केवल देश की सुरक्षा के लिहाज से बहुत उपयोगी हैं बल्कि दुनियाभर के कई देश इस लड़ाकू विमान के दीवाने हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि सुरक्षात्मक जरूरतों और निर्यात दोनों को पूरा करने के लिए एलसीए तेजस का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। तेजस चीन के जेएफ-17, कोरिया के एफए-50, रूस के मिग-35 और याक-13 को टक्कर दे रहा है। एचएएल के मुताबिक अभी एक साल में केवल 8 एयरक्राफ्ट ही तैयार हो पा रहे हैं। हालांकि रक्षा मंत्रालय का कहना है कि धीमा उत्पादन बीती बात हो गई है। मलेशिया ने 18 विमानों का ऑर्डर दिया है। इसके अलावा अर्जेंटीना, इजिप्ट और फिलीपीन्स भी तेजस विमान खरीदने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं। अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, रूस, चीन, इटली, रोमानिया, दक्षिण कोरिया के पास भी हल्के फाइटर जेट का बेड़ा है। भारतीय सेना का सबसे आधुनिका हल्का लड़ाकू विमान तेजस ही है। अमेरिका ने भी इस विमान की मांग की है। ऐसे में उम्मीद है कि ना केवल देश की सुरक्षा के लिए ये विमान भविष्य में बड़ी भूमिका निभाएंगे बल्कि आर्थिक फायदा भी देंगे। योजना है कि साल में 16 एयरक्राफ्ट का प्रोडक्शन किया जाए। एयरफोर्स को भी मार्क -1ए फाइटर जेट और 10 ट्रेनर विमानों की जरूरत है। फरवरी 2024 से फरवरी 2019 तक एयरफोर्स को 73 विमान उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए एचएएल को 46,898 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। एक अधिकारी ने कहा, अगर एयरक्राफ्ट के लिए ज्यादा ऑर्डर मिलते हैं तो प्रोडक्शन रेट 24 करने की भी कोशिश की जाएगी।

# सुशील मोदी बोले, कांग्रेस डूबता जहाज, नीतीश का भी डूबना तय, चौटाला की रैली को बताया फ्लॉप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



2024 चुनाव को लेकर विपक्षी एकता को मजबूत करने की होड़ लगी हुई है। इसी कड़ी में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लगे हुए हैं। नीतीश कुमार रविवार को राष्ट्रीय लोक दल द्वारा आयोजित एक रैली में शामिल हुए थे। इसके बाद लालू प्रसाद यादव के साथ उन्होंने सोनिया गांधी से मुलाकात की थी। अब भाजपा की ओर से इस पर पलटवार आया है। भाजपा ने साफ तौर पर कांग्रेस को डूबता हुआ जहाज बताया है। साथ ही साथ है चौटाला की रैली को भी फ्लॉप बता दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी ने कहा कि देवीलाल की जयंती के बहाने विपक्षी एकता के लिए हरियाणा में आयोजित ओमप्रकाश चौटाला की सम्मान रैली फ्लॉप शो साबित हुई।

सुमो ने कहा कि इसमें विपक्ष शासित दर्जन भर राज्यों में से नीतीश कुमार के अलावा कोई मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुआ। जिन 17 प्रमुख नेताओं को न्योता दिया गया, उनमें से केवल पांच पहुँचे। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्यों के मुख्यमंत्रियों में केसीआर, विजयन, एमके स्टालिन तो दूर, उत्तरी राज्यों के केजरीवाल, अशोक गहलोत, ममता बनर्जी ने भी चौटाला से दूरी बनाए रखी। मोदी ने आगे कहा पटना में केसीआर से मिलने और दिल्ली में आधा दर्जन नेताओं से नीतीश कुमार की ताजा मुलाकात कोई काम न आयी। वे अपने मिशन में फिर फेल हुए। मोदी ने यह भी कहा कि पड़ोसी राज्य यूपी से अखिलेश यादव, मायावती ने भी चौटाला के मंच पर जाना ठीक नहीं समझा। सोनिया गांधी से नीतीश और लालू की मुलाकात पर उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस खुद डूब रही हो, तब सोनिया गांधी से नीतीश कुमार और लालू प्रसाद की भेंट से कुछ बनने-बिगड़ने वाला नहीं। कांग्रेस की सत्ता केवल दो राज्यों में बची है। मोदी ने कहा कि सम्मान रैली के आयोजक ओम प्रकाश चौटाला को शिक्षक भर्ती घोटाले में 10 साल की सजा हुई। वे जमानत पर हैं और आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में फिर जेल जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जेल और बेल के बीच झूलते नेता प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता को कोई चुनौती नहीं दे पाएँगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस को प्रधानमंत्री पद के लिए नीतीश कुमार या कोई और स्वीकार्य होता, तो राहुल गाँधी पदयात्रा क्यों कर रहे होते?

# हफ्ते भर में ही योगी के मंदिर पर लग गया ताला, मूर्ति भी गायब

**लखनऊ। (एजेंसी)।**

कुछ दिनों पूर्व चर्चा में आया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मंदिर बंद कर दिया गया है। मंदिर पर ताला लग गया है। इतना ही नहीं मंदिर के अंदर लगी योगी मूर्ति भी गायब है। हालांकि मूर्ति किसने और कैसे गायब की है, इसको लेकर न तो ग्रामीण कुछ बता पा रहे हैं और न ही प्रशासन। वैसे कहा यह भी जा रहा है कि मुख्यमंत्री इस मंदिर को लेकर काफी नाराज थे,क्योंकि इससे उनकी छवि धूमिल हो रही थी। जिस शख्स ने मंदिर का निर्माण कराया था, वह भी लापता बताया जा रहा है। योगी के मंदिर में ताला लगने और मूर्ति गायब होने की चर्चा जोरों पर है।

बता दें कि योगी के मंदिर को लेकर विवाद बढ़ने के बाद मंदिर की जमीन की प्रारंभिक पैमाइश कराई गई थी, जिसमें जमीन कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज की निकली। मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत के बाद एसडीएम के आदेश पर इस जगह की पैमाइश कराई गई है। कल्याण भदरसा गांव के मजरा मौर्या का पुरवा निवासी यूट्यूबर प्रभाकर मौर्य ने अपने घर के पास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मंदिर बनवाया था। इस बीच उनके चाचा रामनाथ मौर्य ने मंदिर स्थल को विवादित बताते हुए उप जिलाधिकारी सोहावल को प्रार्थना पत्र देकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत की। शिकायत होने के बाद एसडीएम सोहावल मनोज कुमार श्रीवास्तव ने गत दिवस राजस्व और पुलिस टीम मौके पर पैमाइश के लिए भेजी। सूचना के बावजूद प्रभाकर मौर्य वहां नहीं पहुंचे।

राजस्व विभाग के सूत्रों की मानें तो प्रारंभिक जांच में मंदिर निर्माण की जगह आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के अंतर्गत संचालित फसल अनुसंधान केंद्र मसौधा की निकली। पुलिस व राजस्व टीम की पैमाइश में रुक-रुक कर हो रही बरसात ने बाधा डाल दी। इस कारण अब पैमाइश सोमवार को होने की संभावना है। सूत्रों की मानें तो प्रभाकर के पिता जगन्नाथ मौर्य और एक भाई से पुलिस ने पूछताछ भी की है लेकिन पुलिस इससे भी इनकार कर रही है। पूराकलंदर थाना के प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पैमाइश की सूचना प्रभाकर मौर्य को दी गई थी लेकिन वह लापता हो गए। मंदिर में मूर्ति भी नहीं मिली। उप जिलाधिकारी सोहावल ने बताया कि सोमवार को फिर पैमाइश के बाद ही स्पष्ट होगा कि जहां मंदिर बना है वह किस प्रकार की जमीन है।




स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

# जीवन का शौक पूरा करने के लिए 21 वर्षीय युवक चोरी में लिप्त, सूरत पुलिस गिरफ्तार

**क्रांति समय, सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com



सूरत के रांदेर थाना क्षेत्र से एक ट्रेवल्स के कार्यालय में चोरी की घटना प्रकाश में आई. कार्यालय में 5.45 लाख रुपये नकद चोरी कर फरार हो गया युवक कार्यालय के सीसीटीवी कैमरे में कैद इमारत। रांदर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी को दबोच लिया, इस बीच पता चला कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। इस आरोपी के खिलाफ सूरत के नौ अलग-अलग थानों में चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. जिंदगी की मस्ती को पूरा करने के लिए मिली थी चोरी की राह आसान कुछ दिन पहले सूरत के रांदेर इलाके में ट्रेवल ऑफिस से पांच लाख से ज्यादा की नकदी चोरी की घटना सामने आई पुलिस ने तेज किया चोर को पकड़ने के लिए की जा रही है जांच इस बीच चोरी से इनकार करने वाले इसाम को पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर पकड़ लिया। इस बीच सूचना मिलने पर पुलिस के होश उड़ गए। चोर का नाम मोहम्मद सलमान उर्फ मूसा था, उसकी उम्र महज 21 साल थी। इस उम्र में युवक ने व्यवसाय करने या काम करने की बजाय जल्दी से पैसा इकट्ठा करने के लिए चोरी का सहारा लिया है। उन्होंने जीवन के सुखों को पूरा करने के लिए चोरी का रास्ता आसान पाया, लेकिन कहा जाता है कि गलत रास्ता गलत अंत की ओर भी ले जाता है। इसी तरह कम समय में पैसे कमाने की लाइन में चोरी करने वाले मोहम्मद सलमान उर्फ मूसा को आखिरकार रांदेर पुलिस ने पकड़कर सलाखों के पीछे डाल दिया है.

सूरत में सीसीटीवी में कैद हुई आरोपी की हरकत चोरी की घटना को रांदर इलाके में ट्रेवल्स के कार्यालय में एक युवक ने अंजाम दिया, जो कम उम्र से ही मौज-मस्ती के लिए चोरी में लिप्त था. ट्रेवल्स का कार्यालय बंद था. इसी बीच युवक कार्यालय के दरवाजे का ताला तोड़कर कार्यालय में घुसा और कार्यालय में रखे 5.45 लाख रुपये नकद चोरी कर फरार हो गया. घटना की सूचना कार्यालय के मालिक को दी गई और रांदेर थाने में मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरूकर दी है। इस बीच चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद रुपये लेकर फरार चोर का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया. यात्रा कार्यालय भवन के सीसीटीवी में देखा गया कि चोर बैग में पैसे लेकर भाग रहा है इसलिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर को खोजने के लिए साइकिल चलाई.

शहर के 9 थानों की गुत्थी सुलझी रांदर पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर चोर को पकड़ने के लिए जांच तेज कर दी और पुलिस टीम के आधार पर मोहम्मद सलमान उर्फ मूसा को गिरफ्तार कर लिया गया. मुहम्मद सलमान से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि आरोपी ने अपने जीवन के शौक को पूरा करने के लिए छोटी उम्र से ही चोरी करना शुरूकर दिया था।आरोपी ऐसे घर या दफ्तर चुनता था जहां चोरी के लिए घर पर कोई नहीं होता। उसने दरवाजे का ताला तोड़ दिया और अंदर घुस गया और नकदी को अंदर ले गया। आरोपी मोहम्मद सलमान उर्फ मूसा से पूछताछ में सूरत शहर के अलग-अलग थानों में नौ वारदातों को सुलझाया गया।अब रांदेर पुलिस ने मोहम्मद सलमान को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरूकर दी है।

# डिंडोली में निजी रंजिश में युवक की धारदार हथियार से हत्या, एक घायल

**क्रांति समय, सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com






सूरत के नवगाम डिंडोली में बीती देर रात दो युवकों ने एक युवक पर धारदार हथियार और चप्पू से हमला कर दिया. चाकू के वार से उसकी मौत हो गई। उसके साथ एक और युवक के होने का शक हुआ तो उस पर भी जानलेवा हमला किया गया। हालांकि लोगों के जुटने से युवक की जान बच गई। घटना के बाद डिंडोली पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या का मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है.

सूरत में एक और हत्या सूरत में हत्याओं का सिलसिला जारी डिंडोली में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या की एक और घटना सामने आई है. मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले और सूरत के नवगाम डिंडोली के रहने वाले राजा वर्मा की दो अन्य युवकों ने सार्वजनिक रूप से हत्या कर दी है। डिंडोली में बीती देर रात दो युवकों का रेलवे ट्रैक पर राजा वर्मा से झगड़ा हो गया। इसी बीच अचानक दोनों युवकों ने राजा वर्मा की पिटाई शुरू कर दी। अचानक उन्होंने धारदार हथियारों से हमला करना शुरू कर दिया।

जीवन और संदीप नाम के दो युवकों ने राजा वर्मा पर आगे और पीछे से धारदार हथियार और पैडल से हमला किया और राजा वर्मा को मौके पर ही मार डाला।

निजी रंजिश में युवक की हत्या के संबंध में जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ है कि हत्या निजी रंजिश में हुई है. जीवन और संदीप राजा वर्मा को धारदार हथियारों से मार रहे थे।

तभी राजा वर्मा के मित्र संदीप राय वहां से गुजर रहे थे। इसी दौरान हमला करने वाले दो युवकों ने भी यह कहते हुए हमला कर दिया कि यह भी राजा वर्मा का दोस्त है.हालांकि, संदीप राय के चिल्लाने पर लोग जमा हो गए. तो हमला करने वाले दोनों युवक वहां से भाग निकले। संदीप राय के पैर में मामूली चोट के साथ बच गया।हालांकि, बाद में संदीप राय से पता चला कि राजा वर्मा और हत्यारे संदीप और जीवन लंबे समय से लड़ रहे हैं।

दोनों के बीच झगड़ा क्या है इसकी जानकारी पक्की नहीं है, लेकिन माना जाता है कि राजा वर्मा की हत्या उनकी दुश्मनी के कारण हुई थी।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरूकर दी है.नवागाम डिंडोली के रेलवे ट्रैक की गली में एक हत्या के खेल में राजा वर्मा की हत्या कर दी गई और दोनों युवक फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही डिंडोली पुलिस मौके पर पहुंची. हमला करने वाले दोनों युवकों को पुलिस ने 108 के माध्यम से तत्काल इलाज के लिए समीर अस्पताल पहुंचाया।

हालांकि, समीर अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने राजा वर्मा को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक अन्य युवक संदीप का इलाज चल रहा है। पुलिस ने हमला कर हत्या करने वाले दो युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई कर रही है.

# सूरत में इस साल गली व आवासीय सोसायटियों ने डीजे के साथ गरबा का आयोजन किया

**क्रांति समय, सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com



सूरत में दो साल बाद बिना किसी नियंत्रण के नवरात्र आ रहे हैं। आवासीय सोसायटियों व गलियों में डीजे लगाकर इस वर्ष बड़े पैमाने पर गरबा का आयोजन किया जा रहा है। ऐसी योजना के कारण समाजों की एकता भी बढ़ रही है। वहीं सुरती लोग नवरात्रि मनाने के लिए थंगानी में ठहरे हुए हैं, लेकिन नवरात्र की पहली सुबह बारिश की फुहारों से समाज के रहवासियों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है.

कोरोना के ग्रहण के बाद सूरत समेत दुनिया में यह पहली नवरात्रि है, जिसमें सरकार की ओर से सभी पाबंदियां हटा ली गई हैं. इतना ही नहीं गृह मंत्री ने नवरात्रि को रात १२ बजे तक मनाए जाने को कहा है और अगर पुलिस ११ बजकर ५५ मिनट पर भी इसे बंद करने आती है तो उन्हें फोन करें. सुरती प्रतिबंध हटने के साथ नवरात्रि मनाने के लिए उत्साहित हैं। इस साल सुरती अपनी आवासीय सोसायटी में डीजे बजा रहे हैं। मुकी नवरात्रि की योजना बना रहा है।

आज शाम माताजी की आरती करने का बेसब्री से इंतजार है। इस बीच आज सुबह से सूरत के आसमान में बारिश के बादल छा गए। सुबह होते ही अचानक बारिश होने लगी। शहर के कई इलाकों में बारिश हो रही थी, सोसायटी में डीजे का इंतजाम किया गया. सेट को प्लास्टिक से ढकने की हड़बड़ी थी। सुबह बारिश शुरू होते ही खिलाड़ियों में चीता फैल गया। बारिश का मौसम होने के कारण दिन में भी खिलाड़ियों में अफरातफरी का माहौल है।

सूरत में आज बारिश के साथ नवरात्र शुरूहो गए हैं और इसके साथ ही सूरतों में माताजी की भक्तिके लिए घोड़ों की बाढ़ आ गई है. आज सुबह से ही माताजी के मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी जा रही है. नवरात्रि में माताजी के मंदिर में युवा अधिक नजर आते हैं।

# सचिन जीआईडीसी सब्जी विक्रेता पर चप्पू से हमला में युवक की मौत

**क्रांति समय, सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सचिन जीआईडीसी में बारफ फैक्ट्री चार रोड के पास सब्जी का कारोबार कर रहे लालाभाई के शिल्पकार शत्रुघ्न से एक युवक का झगड़ा हो गया. तो दुष्यंत शोभनाथ पटेल (बाकी 35,गुरुकृपा सोसाइटी, बर्फ फैक्ट्री के पास सचिन जीआईडीसी), जो पास में ही एक स्टॉल लगाकर मोबाइल सिम कार्ड बेच रहा था,दोनों को लड़ने से रोक दिया। शत्रुघ्न ने दुष्यंत को बताया कि विवाद करने वाला बागेश्वर राय उर्फ हीरो राजकुमार राय (40 ई. रेस.गौतमनी चल, आइस फैक्ट्री के पास, सचिन जीआईडीसी)ने मुझसे सब्जियां खरीदी थी और अपने पैसे के लिए यह कहकर झगड़ा किया था कि तुम मुझसे सब्जी के लिए पैसे मांग रहे हो, झगड़ा किया था। उसके बाद बागेश्वरराय उर्फ हीरो पास में ही सोने चला गया और दुश्मन ने चप्पू लेकर उसके पेट में चार वार किए। तो दुष्यंत और पास का दुकानदार दुश्मन के चिल्लाने पर वहां से भाग गए। घायल बागेश्वर की सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत के बाद पुलिस हत्या की धारा जोड़ने का प्रयास कर रही है.

